कोटद्वार, गुरूवार
13 मार्च 2025
वर्षः 46
अंकः 297 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979 — संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### कलसिया में दो परिवारों के बीच खूनी संघर्ष

रुड़की। कलसिया गांव में नाली के गंदे पानी की निकासी को लेकर शाम को दो परिवारों के बीच जमकर संघर्ष हुआ। बाद में दोनों पक्षों ने पथराव करते हुए तोड़फोड़ भी की। इसमें 10 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

पुलिस एक पक्ष के आठ और दूसरी तरफ से नौ लोगों के खिलाफ क्रॉस मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है। एसओ खानपुर रविंद्र शाह ने बताया कि एक पक्ष के जोनी की तहरीर पर सोनू पुत्र कुंवरपाल, उसके भाई दिनेश व अंशुल, पिता कुंवरपाल, मां सुमित्रा, पत्नी सोनिया और परिवार के सुनील पुत्र सुग्गन, संजय पुत्र यशपाल, सुग्गन पुत्र फूल सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर, दूसरी तरफ से दिनेश ने भी जोनी, काला पुत्र बिंदर, मनीष पुत्र सुभाष, ऋतु पुत्री सुभाष, शीतल पुत्री बिंदर, महकार पुत्र रणवीर व नीरज पुत्र दाताराम पर भी एफआईआर लिखवाई गई है। बताया कि दोनों मुकदमों की विवेचना कराई जा रही है।

### चम्पावत पहुंचे पूर्व राज्यपाल कोश्यारी

चम्पावत। पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी दो दिनी दौरे पर चम्पावत पहुंचे। बीते मंगलवार देर सायं सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व राज्यपाल का स्वागत किया।

बीते मंगलवार को पूर्व राज्यपाल कोश्यारी चम्पावत पहुंचे। सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। बुधवार सुबह कोश्यारी पवेत गांव पहुंचे। जहां उन्होंने शिक्षा भारती के पूर्व प्रदेश निरीक्षक सुरेश पांडेय के निधन पर शोक जताते हुए परिजनों को सांत्वना दी। इसके बाद कोश्यारी ने वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता त्रिलोक गिरी के आवास में पहुंच कर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना। बाद में कोश्यारी शांत बाजार स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता हरीश पांडेय के आवास में पहुंचे।

जहां उन्होंने उनकी माता चंद्रा देवी की कुशल क्षेम जानी। इस दौरान नगर अध्यक्ष सुनील पुनेठा व मंडल अध्यक्ष प्रकाश बिनवाल, मुकेश कलखुड़िया, हरीश मिश्रा, हेमंत जोशी आदि मौजूद रहे।

### मेला अस्पताल में डॉक्टरों और कर्मचारियों ने खेली फूलों की होली

हरिद्वार। मेला अस्पताल परिसर में बुधवार को डॉक्टरों और कर्मचारियों ने फूलों की होली खेली। होली पर कर्मचारियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंगों के पर्व की बधाई दी। सीएमएस डॉ. राजेश गुप्ता ने सभी डॉक्टरों और कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि होली एक प्रेम और सदभाव का पर्व है। इस दिन पुरानी बातों को भूलकर सौहार्द के साथ इस पर्व को मनाना चाहिए। प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. यशपाल तोमर ने होली के रंगों की तरह सभी के जीवन रंगों की तरह खुशहाल होने की कामना की। इस दौरान डॉ. मनीष, डॉ. राजीव रंजन तिवारी, डॉ. तेजस्विता बिष्ट, डॉ. हेमन्त खर्कवाल, डॉ. विवेक तिवारी, कविता मल, गौरव श्रीवास्तव, अमर सिंह नेगी, धीरेंद्र नेगी, कमल पांडेय, सुनीता, हिमानी, अश्वनी आदि मौजूद रहे।

### भारत मॉरीशस में हुए 8 अहम समझौते

पोर्ट लुई, । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने बुधवार को द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर अपनी व्यापक बातचीत पर संतोष व्यक्त किया और इस बात पर सहमति जताई कि दोनों देशों के बीच विशेष एवं करीबी द्विपक्षीय साझेदारी ने महत्वपूर्ण रणनीतिक गहराई हासिल कर ली है और यह अब यह उन्नत रणनीतिक साझेदारी हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी की मॉरीशस की दो दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन 'उन्नत रणनीतिक साझेदारी के लिए भारत–मॉरीशस का संयुक्त दृष्टिकोण' जारी किया गया जो दोनों देशों के बीच विशेष एवं अनूठे संबंधों को रेखांकित करता है। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बुनियादी ढांचा, आवास, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, एआइ समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित वार्ता के जरिये द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए मॉरीशस के नेतृत्व के साथ व्यापक बातचीत की।

# प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक है होली का पर्व : धामी



### मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को होली की शुभकामना

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी है। होली पर्व की पूर्व संध्या पर जारी संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि होली रंग और उल्लास के त्यौहार के साथ ही हमारी समृद्ध संस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जाने वाला यह पर्व सामाजिक समरसता तथा एकता की भावना को भी सुदृढ़ बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी भारतीय सनातन संस्कृति का यह महत्वपूर्ण पर्व प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। यह पर्व प्रदेश में समृद्धि और उन्नति के रंग लेकर हम सबके जीवन में और अधिक सुख–शांति और अच्छा स्वास्थ्य लेकर आये तथा सभी का जीवन सफलता के नये–नये रंगों से रंगायमान हो इसकी भी मुख्यमंत्री ने भगवान बद्रीविशाल और बाबा केदार से कामना की है।

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा के सरकारी आवास पर आयोजित पारंपरिक होली मिलन समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली पर्व प्रेम, सौहार्द तथा आपसी एकता का प्रतीक है। होली का पर्व हमारे समाज में सांस्कृतिक एकता और समरसता को भी सुदृढ करता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि यह सामाजिक मेलजोल को प्रगाढ़ करने और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार करता है। यह पर्व हमें आपसी भेदभाव भुलाकर एकता के सूत्र में बांधने की प्रेरणा देता है। उत्तराखंड की पारंपरिक बैठकी और खड़ी होली हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की प्रतीक हैं, जो समाज में प्रेम और सौहार्द का संदेश देता हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का दशक बताया है। राज्य सरकार इसी संकल्प के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग की एस.डी.जी. (सतत विकास लक्ष्य) रिपोर्ट 2023-24 में उत्तराखंड की सर्वोच्च रैंकिंग प्राप्त करने की उपलब्धि राज्य सरकार के समर्पित प्रयासों का परिणाम है, जिससे प्रतीत होता है कि उत्तराखंड विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। समारोह में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया। सभी अतिथियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक संगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साक्षी बनें। लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया, जिसमें अतिथियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता रही। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी, बीजेपी प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व राजसभा सांसद महेंद्र भट्ट, उत्तराखंड आपदा प्रबंधन उपाध्यक्ष विनय रोहिल्ला, दिल्ली के विधायक मनोज शौकीन आदि उपस्थित थे।



# गौतम गंभीर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे

देहरादून। बीजेपी के पूर्व सांसद और वर्तमान में भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर भी बुधवार 12 मार्च को देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। देहरादून एयरपोर्ट से गौतम गंभीर सीधे मसूरी के लिए निकल गए। मसूरी में गौतम गंभीर भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज खिलाड़ी ऋषभ पंत की बड़ी बहन साक्षी पंत शादी में शामिल होंगे।

गौतम गंभीर से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोन भी अपनी पत्नी साक्षी धोनी के साथ मसूरी पहुंच चुके हैं। इसके अलावा सुरेश रैना भी मसूरी पहुंच चुके है। महेंद्र सिंह धोन, सुरेश रैनी और ऋषभ पंत का शादी के कार्यक्रमों में डांस करते हुए वीडियो भी सामने आया है। अभी और भी क्रिकेटर और सेलिब्रिटी के आने के सिलसिला जारी है। ऋषभ पंत की बहन की शादी में विराट कोहली और भारतीय क्रिकेट टीम के वर्तमान कप्तान रोहित शर्मा के आने की भी उम्मीद है। बता दें कि शादी के सभी कार्यक्रम मसूरी के एक होटल में चल रहे है। इस शादी में दोनों परिवारों के करीबी रिश्तेदारों और दोस्तों को ही बुलाया गया है।

# सरकार ने बताई रेलवे की उपलब्धि, विपक्ष बोला-नहीं मिल रही हादसों से मुक्ति



नई दिल्ली ,राज्यसभा में बुधवार को रेल मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा हुई। सत्ता पक्ष के सांसदों ने कहा कि बीते 10 साल के दौरान रेल नेटवर्क में सराहनीय वृद्धि हुई है। वहीं, विपक्ष के सांसदों ने सुरक्षा और रेल यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि रेल हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। मध्य प्रदेश से भाजपा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि साल 2023 तक भारतीय रेलवे के ब्रॉड गेज नेटवर्क का 85 फीसदी से अधिक विद्युतीकरण हो चुका था, जबकि साल 2014 में यह केवल 45 प्रतिशत था। इसके साथ ही भारतीय रेल दुनिया के सबसे बड़े हरित रेल नेटवर्क में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि 30 हजार किलोमीटर से अधिक नई पटरियां बिछाई गई हैं और 15 हजार किलोमीटर से अधिक मार्गों का दोहरीकरण कर लिया गया है। इससे रेलवे की दक्षता में वृद्धि हुई है। माया नारोलिया ने कहा कि 2024 तक 51 वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत हो चुकी है। ये ट्रेनें विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस हैं और 160–180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलने में सक्षम हैं। राजद के राज्यसभा सांसद संजय यादव ने कहा कि अभी होली का त्योहार है और हर ट्रेन में क्षमता से ज्यादा लोग हैं। उन्होंने रेल में लोगों को सुविधाएं देने की आवश्यकता की बात कही। उन्होंने कहा कि टिकट की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रीमियम ट्रेनें चलाना अच्छी बात है, लेकिन जो पुरानी पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनें हैं, उन्हें बंद नहीं करना चाहिए, उनमें कोच की संख्या कम नहीं की जानी चाहिए। पहले प्रधानमंत्री का जिक्र करते हुए तेलंगाना से कांग्रेस सांसद अनिल कुमार यादव ने कहा पं. जवाहर लाल नेहरू ने भारतीय रेल का राष्ट्रीयकरण किया था। उन्होंने कई रेलवे जोन स्थापित किए। वहीं, इंदिरा गांधी के कार्यकाल में पहली राजधानी ट्रेन चलाई गई। इंदिरा गांधी ने ही कोलकाता में पहली मेट्रो रेल का उद्घाटन किया था।

### संभल जामा मस्जिद में रंगाई–पुताई की इजाजत

प्रयागराज , इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद की कमेटी को मस्जिद की बाहरी दीवारों पर रंगाई–पुताई करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की अर्जी को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया कि रंगाई–पुताई सिर्फ मस्जिद की बाहरी दीवारों पर ही की जा सकती है। इसके अलावा, हाईकोर्ट ने कहा कि बाहरी दीवारों पर लाइटिंग भी लगाई जा सकती है, लेकिन यह काम किसी भी ढांचे को नुकसान पहुंचाए बिना किया जाना चाहिए। मस्जिद कमेटी ने यह याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल की थी, जिसमें उन्होंने रंगाई–पुताई कराने की अनुमति मांगी थी। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने एक सप्ताह के भीतर इस कार्य को कराने का आदेश दिया और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। यह आदेश इस तर्क पर आधारित है कि मस्जिद की बाहरी दीवारों का सौंदर्यीकरण किया जा सकता है, बशर्ते इसमें कोई संरचनात्मक बदलाव न किया जाए या किसी ऐतिहासिक ढांचे को नुकसान न पहुंचे।

# पीएम मोदी के विजन को साकार करेगा उत्तराखण्ड

### धामी सरकार ने किया फिट और हेल्दी उत्तराखण्ड का आह्वान



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत, सशक्त भारत के विजन को साकार करने के लिए उत्तर-खण्ड सरकार आगे आई है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तराखंड सरकार ने फिट उत्तराखण्ड अभियान का आगाज कर दिया है। इस अभियान के तहत नागरिकों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वस्थ उत्तराखंड की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा संचालित ईट राइट इंडिया अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि इस अभियान को तेजी से लागू किया जाए। इसके लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। जन-प्रतिनिधियों के साथ ही, सभी सचिव, जिलाधिकारी, विभागध्यक्ष और अन्य संबंधित अधिकारी इसके लिए पूर्ण समन्वय के साथ कार्य करेंगे। यही नहीं बदलती जीवनशैली को देखते हुए आमजन को कम तेल, कम चीनी और कम नमक की खपत करने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तराखंड शासन अभियान को सफल बनाने में जुट गया है। अभी सचिवालय परिसर, सुद्धोवाला जेल, पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी को ईट राइट कैंपेन के तहत सर्टिफाइड किया गया है। इसके अलावा अन्य विश्वविद्यालयों, महाविद्यालय, अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और जेल परिसरों को ईट राइट कैंपस और ईट राइट स्कूल प्रमाणन के लिए पात्र बनाया गया है। प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार की ओर से सभी शिक्षण संस्थानों और विभागों को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को साकार करने का संकल्प लिया है। ईट राइट इंडिया अभियान मधुमेह, हृदय रोग, मोटापा और अन्य गैर-संचारी बीमारियों की रोकथाम के लिए लोगों को स्वस्थ, सुरक्षित और संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। युवाओं, शिक्षकों, अभिभावकों और आम जनता को संतुलित और पौष्टिक भोजन के महत्व से अवगत कराया जाएगा। यह संदेश राज्य के रेस्तरां, भोजनालयों और मेस में भी प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि लोग सही पोषण के प्रति जागरूक हो सके।

# लैंड जिहाद के माध्यम से प्रयागराज के पौराणिक स्थलों पर कब्जा किया गया था : सीएम योगी



लखनऊ ,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों के शासन में लैंड माफिया ने प्रयागराज के पौराणिक स्थलों, अक्षय वट, माता सरस्वती कूप, पातालपुरी, श्रृंगवेरपुर, द्वादश माधव और भगवान बेनी माधव, पर अवैध कब्जे कर लिए थे, जिससे इनकी गरिमा को गहरी चोट पहुंची। महाकुंभ के दौरान इन स्थलों को माफिया मुक्त कर उनके कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त हुआ, जिससे श्रद्धालु अब सालभर दर्शन कर सकते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ के आयोजन ने दुनिया को भारत के सामर्थ्य और सनातन धर्म के वास्तविक स्वरूप को दिखाया, साथ ही उत्तर प्रदेश की नकारात्मक छवि को भी बदला। उन्होंने बुधवार को लखनऊ में पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि महर्षि भरद्वाज की नगरी प्रयागराज, जो दुनिया के पहले गुरुकुल की भूमि है, पिछली सरकारों के दौर में माफियाओं के हवाले थी। अक्षय वट को गुलामी के काल में कैद कर नष्ट करने की कोशिश की गई, जिससे 500 वर्षों तक श्रद्धालु दर्शन से वंचित रहे। माता सरस्वती कूप और पातालपुरी जैसे स्थल उपेक्षित रहे, जबकि श्रृंगवेरपुर–भगवान राम और निषादराज के मैत्री स्थल पर लैंड जिहाद के जरिए कब्जा कर लिया गया। द्वादश माधव और नागवासुकी जैसे पवित्र स्थल भी अवैध कब्जों की चपेट में थे। महाकुंभ के दौरान वहां नए कॉरिडोर बनाकर इन स्थलों को मुक्त कराया गया, जो हमारी पौराणिक परंपरा के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक हैं।

सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ के आयोजन ने न केवल दुनिया को भारत के सामर्थ्य और सनातन धर्म के वास्तविक स्वरूप को दिखाया, बल्कि उत्तर प्रदेश को लेकर बनी नकारात्मक धारणा को भी बदल दिया। उन्होंने दावा किया कि महाकुंभ के माध्यम से दोनों लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किए गए हैं। महाकुंभ ने सनातन धर्म के सच्चे और व्यापक स्वरूप को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। त्रिवेणी संगम में हर जाति, पंथ और क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने एक साथ डुबकी लगाई, जो एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को दर्शाता है।

### पिता ने 4 बच्चों को दूध में दिया जहर, 3 की तड़प–तड़प कर मौत

आरा , बिहार के आरा जिले से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां एक पिता ने अपने चार बच्चों को जहर देकर मारने के बाद खुद भी जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। इस हृदयविदारक घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई, जबकि पिता और एक अन्य बच्चे का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह घटना आरा जिले में रात को घटी। मृतक बच्चों की पहचान और उम्र अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। पुलिस के अनुसार, अरविंद कुमार नामक व्यक्ति ने अपने बच्चों को दूध में जहर मिलाकर पिला दिया, और फिर स्वयं भी जहर का सेवन कर लिया। घटना में जीवित बचे बच्चे, आदर्श, ने बताया कि उनकी मां का देहांत आठ महीने पहले बीमारी के कारण हो गया था, जिसके बाद से उनके पिता गहरे अवसाद में थे। अरविंद कुमार बेनवलिया बाजार में एक छोटी सी इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाते थे, जिससे वे अपने परिवार का भरण–पोषण करते थे। आदर्श ने आगे बताया कि मंगलवार की रात उनके पिता ने उन्हें पसंदीदा भोजन पूरी खिलाया और फिर सभी को दूध दिया, जिसे पीने के बाद उन्हें उल्टी और पेट दर्द शुरू हो गया।

# पारे ने लगाई छलांग, तपिश करने लगी परेशान



देहरादून। सूरज के तेवर तल्ख हो गए हैं और उत्तराखंड में पहाड़ से मैदान तक तपिश अचानक बढ़ गई है। सुबह–शाम की ठंड भी अब न के बराबर है। चटख धूप खिलने से पारे में भारी उछाल दर्ज किया गया है।दून में सात वर्ष बाद मार्च के पहले पखवाड़े में तापमान सर्वाधिक स्तर पर पहुंच गया है। वहीं, कुछ पर्वतीय क्षेत्रों में तापमान सामान्य से छह से नौ डिग्री सेल्सियस तक अधिक पहुंच गया है। हालांकि, मौसम विभाग की ओर से गुरुवार से प्रदेश में मौसम के करवट लेने की आशंका जताई गई है। खासकर पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा के आसार हैं। जिससे पारा कुछ लुढ़क सकता है।

**तेज धूप से दिनभर तपिश**

बुधवार को दून में सुबह से ही तेज धूप खिली रही और दिनभर तपिश महसूस की गई। दिन में मौसम गर्म हो गया और खुले आसमान में धूप पसीने छुड़ाती रही। जिससे पारा भी चढ़ गया। दून का अधिकतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस अधिक है।

# बांग्लादेश सीमा पर भारत ने पकड़े 2601 बांग्लादेशी



नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने राज्यसभा को सूचित किया है कि पिछले 13 महीनों में भारत–बांग्लादेश सीमा पर 2,601 बांग्लादेशी नागरिकों को भारतीय क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करते समय पकड़ा गया है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक लिखित उत्तर में बताया कि ये गिरफ्तारियां एक जनवरी 2024 से 31 जनवरी 2025 के बीच हुईं।

**अक्टूबर में पकड़े गए 300 बांग्लादेशी**

जनवरी 2025 में 176 बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा गया, जो कि बीएसएफ की सतर्कता का परिणाम है। 2024 के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर में 253, नवंबर में 310, अक्टूबर में 331 और सितंबर में 300 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए। मई 2024 में सबसे कम 32 लोग पकड़े गए।

बढ़ाई गई बांग्लादेश सीमा की सुरक्षा

सरकार ने सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एडवांस्ड सर्विलांस, मैन पावर बढ़ाने और तकनीकी एकीकरण का सहारा लिया है। इन उपायों में हैंड–हेल्ड थर्मल इमेजर्स, नाइट विजन डिवाइस, यूएवी, सीसीटीवी/पीटीजेड कैमरे, आईआर सेंसर और असम के धुबरी में कंप्रीहेंसिव इंटिग्रेटेड बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम (सीआईबीएमएस) शामिल हैं। सीमा पर लगातार पेट्रोलिंग, नाके, अवलोकन पोस्ट और स्थानीय पुलिस व सीमा गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के साथ संयुक्त अभियान चलाए जाते हैं।

### अमेरिका से देहरादून की अदालत में वीसी से गवाही देगी महिला, हाईकोर्ट ने दी अनुमति

नैनीताल। हाई कोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने वैवाहिक विवाद से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए अमेरिका में रह रही महिला को देहरादून की पारिवारिक अदालत में लंबित एक मामले में वीसी के जरिए अपनी गवाही की अनुमति दे दी। हाई कोर्ट ने राज्य की सभी न्यायालयों को आवश्यकतानुसार हाई कोर्ट वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियम–2020 का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अमेरिका में रह रही देहरादून की माधुरी जोशी ने वीसी नियमों का हवाला देते हुए एक आवेदन दायर किया था, लेकिन अदालत ने बचाव में अपने साक्ष्य के लिए मौजूद रहने का निर्देश दिया।

# वायुसेना को मिलेंगे नए लड़ाकू विमान, टेंडर में अमेरिकी एफ–15 भी हो सकता है शामिल



नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना अपनी ताकत बढ़ाने के लिए 114 नए मध्यम श्रेणी के लड़ाकू विमान खरीदने की तैयारी कर रही है।

वायुसेना अगले चार से पांच वर्षों में वैश्विक टेंडर के माध्यम से इन विमानों को अपने बेड़े में शामिल करना चाहती है। इस प्रतिस्पर्धा में बोइंग, लाकहीड मार्टिन, दासौ और साब समेत कई बड़ी कंपनियां शामिल हो सकती हैं।

**हल्के लड़ाकू विमान भी वायुसेना में शामिल किए जाएंगे**

वैश्विक निविदा का हिस्सा बनने वाले विमानों में राफेल, ग्रिपेन, यूरोफाइटर टाइफून, मिग–31 और अमेरिकी एफ–16, एफ 15 विमान शामिल हैं। इनमें से एफ 15 को छोड़कर अन्य लड़ाकू विमान पहले ही 126 बहुउद्देशीय लड़ाकू विमानों के लिए पिछली निविदा में भाग ले चुके हैं और उनका मूल्यांकन भी हो चुका है। इस बार दौड़ में शामिल होने वाला एकमात्र नया विमान अमेरिकी कंपनी बोइंग का एफ–15 स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमान है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि 114 बहुउद्देशीय लड़ाकू विमानों को शामिल करने से वायुसेना को अगले 10 वर्षों में अपने स्क्वाड्रन की ताकत बनाए रखने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही मार्क 1 ए और मार्क–2 सहित हल्के लड़ाकू विमान भी वायुसेना में शामिल किए जाएंगे।

# सम्पादकीय

## चार धाम यात्रा पर फोकस

जहां एक तरफ प्रदेश में त्योहारों की धूम है तो वही जल्द ही चार धाम यात्रा का आयोजन भी होने जा रहा है। राज्य सरकार के लिए चार धाम यात्रा को सफलतापूर्वक संपन्न करना हमेशा से ही एक बड़ी चुनौती रहा है खास तौर से दुर्घटनाओं एवं यात्रा प्रबंधन को लेकर परेशानियां सामने आती रही है। यात्रा के दौरान दुर्घटनाएं होती रहती हैं और सामान्यत: ऐसी दुर्घटनाओं के बाद मजिस्ट्रेटि जांच से आगे रोकथाम का कोई अधिक प्रयास नजर नहीं आता। हालांकि इस बार यात्रा सीजन के लिए अनुभवहीन व्यावसायिक चालकों को परीक्षा के दौर से गुजरना होगा और पहाड़ों में वाहन चलाने की परीक्षा उत्तीर्ण ना होने पर वाहन चलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा यात्रा सीजन के दौरान सड़कों की स्थिति को लेकर अभी से प्रयास करने की जरूरत है क्योंकि कई स्थानों पर सड़कों की स्थिति अभी भी इस लायक नहीं है कि उसमें निर्बाध यात्रा संचालन किया जा सके। पिछले मानसून में क्षतिग्रस्त हुई कई सड़क अभी भी सुधारीकरण की राह देख रही है जिस पर कार्य होना बेहद जरूरी है। यात्रा सीजन के लिए श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुविधा और आवास प्रबंधन एक बड़ी समस्या बनकर सामने आई है। पिछली यात्रा में भी उंचाई वाले क्षेत्रों में कुछ श्रद्धालुओं की ऑक्सीजन की कमी के कारण मृत्यु हो गई थी लिहाजा ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए ऐसे क्षेत्रों में हाईटेक स्वास्थ्य केंद्र बनने पर अभी से रोड मैप तैयार करना होगा और ऐसे अनुभवी योग्य स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी निर्धारित करनी होगी जो आपात परिस्थितियों से निपटने में दक्षता हासिल करते हो। यात्रा को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए परिवहन तंत्र की एक बड़ी भूमिका है जिसमें पुलिस एवं परिवहन विभाग के बीच समन्वय होना बेहद आवश्यक है। सीजन के पीक समय में जाम जैसी परिस्थितिया श्रद्धालुओं को काफी व्यथित करती है और कई बार अपने गंतव्य तक पहुंचाने के लिए घंटे दिन में कब बदल जाते हैं कुछ पता नहीं चलता। यात्रा सीजन में जाम से निपटने की व्यवस्था के लिए हालांकि पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक पुलिस फोर्स तैनात किया जाता है लेकिन वाहनों के सैलाब के आगे अक्सर यह व्यवस्थाएं धरी की धरी रह जाती हैं। चार धाम यात्रा के दौरान एक और प्रमुख बिंदु श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को लेकर है। पिछली कुछ यात्राओं के दौरान श्रद्धालुओं से मारपीट के कई मामले सामने आए हैं जिनमें रोकथाम लगने जरुरी है। स्थानीय लोग एवं यात्रा मार्ग पर दुकान चलाने वाले अक्सर वस्तुओं के दामों को लेकर श्रद्धालुओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं लिहाजा स्थानीय प्रशासन को अभी से ऐसे क्षेत्रों में व्यवस्थाएं बनाए रखने के लिए समुचित संसाधनों का प्रयोग करना चाहिए। उत्तराखंड की चार धाम यात्रा धार्मिक दृष्टि के साथ–साथ प्रदेश की आर्थिक स्थिति से भी जुड़ी हुई है। यही नहीं यात्रा सीजन यात्रा मार्ग के कई क्षेत्र वासियों के लिए पूरे वर्ष की आजीविका का स्रोत भी उपलब्ध करता है। इन परिस्थितियों में सभी को यात्रा के सफल आयोजन के लिए आपसे समन्वय से चलना चाहिए ताकि स्थानीय जन के साथ–साथ श्रद्धालुओं को भी किसी प्रकार की परेशानियां न हो और वे उत्तराखंड के चार धाम यात्रा से से सुरक्षित एवं मधुर अनुभव लेकर अपने घरों को लौटे।

# अनियंत्रित जनसंख्या और बेकाबू भ्रष्टाचार भारत के विकास की राह में दो सबसे बड़े रोड़े

**फर्जी बिल लगाने का मामला केवल स्थानीय निकाय से जुड़ा नहीं है यदि राज्य और केंद्र शासन के सभी विभागों का सूक्ष्म परीक्षण किया जाए तो सभी जगह इस तरह से फर्जी कांड करते सरकारी अधिकारी और कर्मचारी मिल जाएंगे।सरकारी तंत्र केवल ठेके परमिट में ही भ्रष्टाचार नहीं करता, सरकारी एजेंसियां जांच में भी भ्रष्टाचार करती है।मध्य प्रदेश के नर्सिंग कॉलेज घोटाले की जांच करते समय जिस तरह सीबीआई के अधिकारियों ने रिश्वत खाई उस सब पता चलता है कि सारे कुएं में ही भ्रष्टाचार की भांग मिली हुई है।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पिछले दिनों भोपाल में बैठक कर प्रशासनिक अधिकारियों को भ्रष्टाचार के मामले में कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उम्मीद की जानी चाहिए कि इन निर्देशों को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित किया जाएगा।**

आशा सिंह

देश के तमाम अर्थशास्त्री और समाजशास्त्री इस विषय पर एकमत है कि भारत के विकास की राह में दो सबसे बड़े रोड़े हैं । पहला अनियंत्रित जनसंख्या और दूसरा बेकाबू भ्रष्टाचार।इस समय भ्रष्टाचार का मुद्दा ज्वलंत है क्योंकि चारों ओर से भ्रष्टाचार की खबरें आ रही है।हाल ही में इंदौर नगर निगम में फर्जी बिल कांड की अनेक ऐसी परतें खुलती गई कि तमाम नागरिक चिंतित हो गए।इंदौर नगर निगम का यह घोटाला एकमात्र नहीं है ऐसे कई घोटाले हैं इंदौर नगर निगम में हुए हैं।दरअसल, प्रदेश के सभी 16 नगर निगम का ईमानदारी से ऑडिट किया जाए तो इंदौर नगर निगम की तरह सभी में इस तरह के घोटाले और फर्जी बिल कांड सामने आएंगे।फर्जी बिल लगाने का मामला केवल स्थानीय निकाय से जुड़ा नहीं है यदि राज्य और केंद्र शासन के सभी विभागों का सूक्ष्म परीक्षण किया जाए तो सभी जगह इस तरह से फर्जी कांड करते सरकारी अधिकारी और कर्मचारी मिल जाएंगे।

सरकारी तंत्र केवल ठेके परमिट में ही भ्रष्टाचार नहीं करता, सरकारी एजेंसियां जांच में भी भ्रष्टाचार करती है।मध्य प्रदेश के नर्सिंग कॉलेज घोटाले की जांच करते समय जिस तरह सीबीआई के अधिकारियों ने रिश्वत खाई उस सब पता चलता है कि सारे कुएं में ही भ्रष्टाचार की भांग मिली हुई है।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पिछले दिनों भोपाल में बैठक कर प्रशासनिक अधिकारियों को भ्रष्टाचार के मामले में कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उम्मीद की जानी चाहिए कि इन निर्देशों को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित किया जाएगा।

भारत में भ्रष्टाचार की स्थिति यह है कि 'ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल' द्वारा 'भ्रष्टाचार बोध सूचकांक' 2023 में काफी नीचे का स्थान प्राप्त किया।यानी भारत उन देशों में उपर के क्रम में है जहां सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार का बोलबाला है।यह बेहद शर्मनाक है।जिस भी अधिकारी या सरकारी कर्मचारी यहां छापा पड़ता है, लाखों करोड़ों की संपत्ति बरामद होती है।आय से अधिक संपत्ति के मामले जितने पिछले 10 वर्षों में बढ़े हैं उतने शायद 60 वर्षों में भी सामने नहीं आए होंगे !

एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश के सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार एक आदत बन गई है।आमजन मजबूरी में इसे शिष्टाचार भी कहने लगे हैं।कुल मिलाकर स्थिति बहुत ही भयावह है।भ्रष्टाचार का यह सिलसिला कहां जाकर, कब और कैसे थमेगा कहा नहीं जा सकता।दरअसल,सरकारी प्रक्रियाओं, निर्णय लेने और सार्वजनिक प्रशासन में पारदर्शिता की कमी भ्रष्ट आचरण के लिये अधिक अवसर प्रदान करती है।जब कार्यों तथा निर्णयों को सार्वजनिक जांच से बचाया जाता है, तो अधिकारी जोखिम के कम डर के साथ भ्रष्ट गतिविधियों में संलग्न हो सकते हैं।कानूनों और विनियमों को लागू करने के लिए ि?म्मेदार भारत की कई संस्थाएं या तो कमज़ोर हैं या समझौतावादी हैं।इसमें कानून प्रवर्तन एजेंसियाँ, न्यायपालिका और निरीक्षण निकाय शामिल हैं।कमज़ोर संस्थाएं भ्रष्ट व्यक्तियों को जवाबदेह ठहराने में विफल हो जाती हैं, इससे भ्रष्टाचारी निर्भय होकर कदाचरण करते हैं।दरअसल, हमारे देश की जांच एजेंसियां और जवाबदेही तय करने वाली संस्थाएं इतनी कमजोर हैं कि भ्रष्टाचारियों को लगता है कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।यही मानसिकता किसी व्यक्ति को भ्रष्ट करती है।इसके अलावा भारत का जटिल आर्थिक वातावरण, जिसमें विभिन्न लाइसेंस, परमिट और अनुमोदन शामिल हैं, भ्रष्टाचार के अवसर पैदा कर सकते हैं।भारत में किसी भी उद्योगपति और व्यापारी से चर्चा करें तो पता चलता है कि लालफीताशाही का जाल हमारे तंत्र में फैला है।जब तक लिफाफा नहीं सरकाया जाए फाइल आगे नहीं बढ़ती।देश में ऐसा कोई उद्योगपति या व्यापारी नहीं मिलेगा जिसने रिश्वत दिए बिना अपना व्यापार आगे बढ़ाया हो।भ्रष्टाचार का एक कारण सरकारी तंत्र में बढ़ता राजनीतिक हस्तक्षेप भी है।दरअसल,प्रशासनिक मामलों में राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते सरकारी संस्थानों को अपनी स्वायत्तता से समझौता करने को मजबूर होना पड़ सकता है।राजनेता व्यक्तिगत या पार्टी लाभ के लिये अधिकारियों पर भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल होने का दबाव डाल सकते हैं।कुल मिलाकर भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने के लिए बेहद मजबूत इच्छा शक्ति और पारदर्शी तंत्र की आवश्यकता होती है।जब तक शासन और प्रशासन में पारदर्शिता नहीं आएगी तब तक भ्रष्टाचार की समाप्ति नहीं हो सकती।जाहिर है जब तक भ्रष्टाचार समाप्त नहीं होगा तब तक देश का विकास भी अपेक्षित गति नहीं पड़ सकता।

# कहने को ब्रांड पर मिलावटखोरी में सबसे आगे

वसी जैदी

हाल ही में एक ऐसी रिपोर्ट सामने आई है जो चिंता जगाने वाली है। इस रिपोर्ट के अनुसार पैकेजिंग और प्रक्रिया किए हुए खाद्य पदार्थों में ब्रांडेड कहीं जाने वाली कंपनियां भी मिलावट खोरी कर रही हैं।दरअसल,स्वास्थ्य पर शोध करने वाली शीर्ष संस्था भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद यानी आईसीएमआर ने एक रिपोर्ट में इस तरह की मिलावट खोरी के बारे में आंकड़ों के साथ जानकारी दी है।इस रिपोर्ट के अनुसार फलों के रस के नाम पर जो डिब्बा बंद जूस बेचा जाता है उसमें केवल 10 फ़ीसदी फलों का रस होता है।चिकित्सा अनुसंधान परिषद में रिसर्च और व्यापक टेस्ट के बाद अपनी रिपोर्ट जारी की है।इसलिए इस रिपोर्ट को गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है।जानते है कि फलों के जूस के नाम पर जो बोतलबंद पेय पदार्थ मिल रहा है, उस लागत पर वह बाजार में बिकना संभव नहीं है।इसमें मिलावट खोरी का घातक खेल खेला जा रहा है।यह खेल प्राकृतिक उत्पादों के नाम पर बिकने वाले तमाम सामानों पर किसी संत का नाम या फ़ोटो चस्पा करने को लेकर भी चल रहा है।यह अच्छा है कि देर से ही सही, स्वास्थ्य पर शोध करने वाली शीर्ष संस्था भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद यानी आईसीएमआर ने एक रिपोर्ट में देश के लोगों की आंख खोलने का काम किया है।आईसीएमआर का कहना है कि असली फलों का जूस बेचने के भ्रामक दावे की हकीकत यह है कि उसमें लगभग दस प्रतिशत ही वास्तविक फलों के जूस की मात्रा होती है।कमोबेश यही स्थिति तमाम खाद्य पदार्थों को लेकर होती है।डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों को लेकर पैक पर लिखी जानकारी भी भ्रामक हो सकती है।जिस खाद्य या पेय पदार्थ को शूगर फ्री बताकर बेचा जाता है, बहुत संभव है उसमें वसा की मात्रा अधिक हो।उसमें परिष्कृत अनाज यानी सफेद आटा या स्टार्च मिला हो सकता है।आईसीएमआर के अंतर्गत काम करने वाली हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पोषण संस्थान यानी एनआईएन की तरफ से बनाये गये आहार संबंधी दिशा–निर्देशों में भी माना गया है कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण यानी एफएसएसएआई द्वारा उपभोक्ताओं के हितों के लिये निर्धारित कड़े मानदंड दिखाने को लागू तो किये जाते हैं पर कंपनियां उपभोक्ताओं की आंख में धूल झोंकने के लिये कई तरकीबें निकाल लेती हैं।जिसमें उत्पाद को प्राकृतिक , शूगर फ्री, कम कैलोरी वाला होने का दावा किया जाता रहा है।एक बड़ा संकट यह भी है कि सामान खरीदने वाला उपभोक्ता उत्पाद की पैकिंग पर छपी जानकारी को ध्यान से नहीं पढ़ता है।पहले तो कंपनी सचेतक जानकारी बहुत छोटे प्वाइंट साइज में लिखती है, फिर ऐसी जगह छापती है, जहां एकदम नजर ही नहीं जाती।उसमें तमाम तरह के पोषक तत्व होने के दावे तो किये जाते हैं, सवाल यह है कि किसी व्यक्ति को उपभोग के बाद वास्तव में कितना पोषण मिल रहा है।अकसर उत्पादों के जैविक होने का दावा किया जाता है।यहां भी देखना जरूरी है कि क्या इसको जैविक–भारत के लोगो से मंजूरी मिली है? कम कैलोरी, अधिक फाइबर व कम वसा का दावा क्या इसके उपयोग करने पर वास्तव में सही मिलता है ? आजकल खाद्य व पेय पदार्थों को प्राकृतिक उत्पाद बताने का फैशन बाजार में चला हुआ है।राष्ट्रीय पोषण संस्थान ने कई उदाहरणों के जरिये बताने का प्रयास किया है कि उपभोक्ता किसी उत्पाद को प्राकृतिक व पोषक बताने के दावे से भ्रमित न हों।किसी उत्पाद में एक–दो नाम के प्राकृतिक अवयव डालने से कोई उत्पादन प्राकृतिक नहीं हो जाता।

# सोशल मीडिया और स्मार्टफोन के असीमित फायदे हैं लेकिन इसके नुकसान भी कम नही

संजना भागवत

सोशल मीडिया हमारे जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। कई मामलों में तो सोशल मीडिया जानलेवा भी साबित हो रहा है। पिछले दिनों चेन्नई में एक मां ने सोशल मीडिया की ट्रोलिंग से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। दरअसल, चेन्नई की एक इमारत में एक बच्चा चौथी मंजिल से गिर गया था, जो शेड पर लटक गया, जिसे काफी मशक्कत के बाद बचाया गया।इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। इसके बाद लोगों ने सोशल मीडिया पर बच्चे की मां को खूब ट्रोल किया और उसे लापरवाह बताया।

हुआ ये कि सोशल मीडिया पर लोगों ने उन पड़ोसियों की प्रशंसा की, जिन्होंने बच्चे की जान बचाने के लिए अपनी जान खतरे में डाल दी थी।साथ ही लोगों ने मां की कड़ी आलोचना की और मां पर लापरवाही के आरोप लगाए।कोयंबटूर पुलिस स्टेशन के अनुसार महिला घटना के बाद से काफी तनाव में थी।महिला अपनी आलोचनाओं से काफी परेशान थी।ट्रोलिंग से परेशान होकर वो दो सप्ताह पहले अपने पति और बच्चों के साथ कोयंबटूर में अपने मायके चली गई।यहां भी वह परेशान रही और अंत में थककर उसने आत्महत्या कर ली।महिला के दो बच्चे हैं, जिसमें एक की उम्र पांच साल तो वहीं दूसरे की उम्र आठ माह है।यह इकलौता उदाहरण नहीं है ऐसे अनेक उदाहरण गिनाएं जा सकते हैं।सोशल मीडिया पर अफवाहें और फेक न्यूज़ बहुत जल्दी फैलती हैं।जब तक सच्चाई का पता चले तब तक काफी नुकसान हो चुका होता है।आजकल तो दूसरे देशों में गड़बड़ी फैलाने के लिए भी सोशल मीडिया का दुरुपयोग किया जाता है। पाकिस्तान कई बार भारत में अफवाहें और गलत खबरें फैलाने के लिए इस तरह सोशल मीडिया का उपयोग करता है। रूस झ्र यूक्रेन युद्ध और हमास झ्र इजरायल की जंग में भी सोशल मीडिया का दुरुपयोग मानवता की दृष्टि से भयंकर साबित हुआ है।दरअसल सोशल मीडिया



को काबू में करने की जरूरत है।अश्लीलता के मामले में भी सोशल मीडिया युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है।भारत सरकार को फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफ़ार्मस अश्लीललता परोस रही साइट्स को तुरंत प्रभाव से ब्लॉक कर सख्त कानूनी प्रावधानों को समाज हित में लागू करना चाहिये। हालांकि यह सच है कि इंटरनेट, गूगल और सोशल मीडिया के जबरदस्त लाभ भी हैं। दरअसल, सोशल मीडिया ने दुनिया को स्मार्ट मोबाइल के एक डिस्प्ले पर ला खड़ा किया है। सोशल मीडिया और स्मार्टफोन के असीमित फायदे हैं लेकिन इसके नुकसान भी कम नहीं हैं।खासतौर पर इसकी लत किशोरों को बर्बाद कर रही है।सोशल मीडिया व्यक्ति को एक प्लेटफार्म उपलब्ध करवाता है।इस माध्यम द्वारा हम लेखन कार्य, पारिवारिक गतिविधियों, अपनी उपलब्धियों, विशेष पारिवारिक समारोह के चित्रों/वीडियो को व्यक्तिगत रूप से सांझा कर सकते हैं और सार्वजनिक रूप से आम लोगों तक पहुंचा सकते हैं।सिक्के के दो पहलुओं की तरह आजकल इंटरनेट और सोशल मीडिया के अच्छे बुरे दोनों रूपों के इस्तेमाल को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।दरअसल, संचार माध्यमों पर परोसी जा रही अश्लीलता पर कानूनी तौर पर रोक लगाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है।सर्वोच्च न्यायालय इस मामले में अनेक बार केंद्र सरकार को हिदायत दे चुका है।बहरहाल, सबसे पहले 1997 में पहला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सिक्स डिग्री शुरू हुआ था।इसकी स्थापना एंड्रयू वेनरिच ने की थी।एक रिपोर्ट के मुताबिक बीते एक साल में इंटरनेट यूजर्स की संख्या 7।6 फीसदी बढ़ी है और यह 4।72 अरब तक पहुंच गई है।भारत में फेसबुक पर एक महीने में लगभग 200 करोड़, यूट्यूब पर 100 करोड़, इंस्टाग्राम पर 70 करोड़, रेड्डिट के 25 करोड़, पिनट्रेस्ट के 15 करोड़, आस्क एफएम के 16 करोड़ उपयोगकर्ताओं सहित करोड़ों भारतीय अन्य सोशल मीडिया साइट्स पर विजिट्स करते हैं।आज दुनिया की कुल आबादी के 60 प्रतिशत से अधिक के बराबर जनता सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रही है।दरअसल,जिस प्रकार आज धड़ल्ले से फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अश्लीलता परोसी जा रही है, वो भारतीय संस्कृति के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है।भारत सरकार को निश्चित रूप से ऐसी साइट्स को तुरंत प्रभाव से ब्लॉक कर सख्त कानूनी प्रावधानों को समाज हित में लागू करना चाहिए, अन्यथा सोशल मीडिया बेलगाम हो जाएगा।इस मामले में स्कूलों को भी चाहिए कि वो मोबाइल और सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर बच्चों और किशोरों को अवेयर करे।अभिभावकों को भी संबंध में ध्यान देना चाहिए।

# सलमान खान स्टारर सिकंदर के बम बम भोले का टीजर आउट



सलमान खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म सिकंदर का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे है, फिल्म ईद पर रिलीज होगी. लेकिन सलमान खान अपने फैंस को खुश रखने के तरीके अच्छे से जानते हैं. उन्होंने हाल ही में सिकंदर के एक सॉन्ग का टीजर रिलीज किया है जिसमें वे होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं. यानि सिकंदर में होली की झलक भी देखने को मिलेगी. सलमान खान के फैंस के लिए ये एक तोहफे जैसा है क्योंकि इस होली वे भाईजान की फिल्म के गाने पर झूम सकते हैं. सलमान ने ये भी बताया है कि गाना कब रिलीज होगी.

भाईजान ने सिकंदर के इस नए गाने का टीजर अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया. टीजर रिलीज करते हुए सलमान ने कैप्शन लिखा, बम बम भोले गाना आज 1.11 बजे रिलीज होगा. यानि होली से पहले ही फैंस को भाईजान की फिल्म सिकंदर के नए गाने पर झूमने का मौका मिलेगा जिसे वे होली पर भी एंजॉय कर सकते हैं. टीजर में सलमान खान होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं. ढेर सारा गुलाल, गली रेप और फुल ऑन होली वाइब से भरपूर है बम बम भोले शंभू का टीजर.

## जेलर 2 की शूटिंग शुरू, सामने आया थलाइवा रजनीकांत का खून से लथपथ दमदार लुक

साउथ सुपरस्टार रजनीकांत के फैंस के लिए गुड न्यूज है. जेलर मेकर्स ने फिल्म के पार्ट 2 की शूटिंग शुरू कर दी है. सुपरस्टार रजनीकांत की मुख्य भूमिका वाली बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर जेलर 2 के मेकर्स ने अनाउंसमेंट किया है कि फिल्म की शूटिंग शुरूहो गई है. मेकर्स ने इसके लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है. जेलर के बाद निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार चेन्नई में जेलर 2 की शूटिंग शुरूकरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. सन पिक्चर्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर जेलर 2 का पोस्टर साझा किया है और कैप्शन में लिखा है, मुथुवेल पंडियन की तलाश शुरू, जेलर 2 की शूटिंग आज से शुरूहो रही है. इस फिल्म में रजनीकांत अपनी भूमिका को फिर से निभाते हुए नजर आएंगे. रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग सबसे पहले चेन्नई में होने की संभावना है. इसके बाद फिल्म की शूटिंग गोवा और तमिलनाडु के थेनी समेत अन्य शहरों में होने की उम्मीद है. फिल्म का पहला शेड्यूल 15 दिनों में पूरा होने की संभावना है. सन पिक्चर्स निर्मित इस फिल्म में कलाकारों में नए कलाकार शामिल होंगे. ऐसी अफवाहें भी हैं कि कन्नड़ सुपरस्टार डॉ. शिवा राजकुमार और मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल जेलर 2 का हिस्सा होंगे.

# फिल्म जाट से रणदीप हुड्डा का खूंखार लुक जारी

सनी देओल की आगामी फिल्म जाट सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. रिलीज से पहले मेकर्स ने फिल्म से बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा का खतरनाक लुक जारी किया है, जिसमें रणदीप का किरदार काफी उग्र दिखाया गया है. लुक के साथ मेकर्स ने रणदीप के किरदार के नाम का भी खुलासा किया है.

मेकर्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर रणदीप हुड्डा के किरदार की झलक साझा की है. साथ ही उनके किरदार के नाम से पर्दा उठाया है. क्लिप को साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, जाट की दुनिया से खतरनाक राणातुंगा के रूप में शानदार रणदीप हुड्डा को पेश किया जा रहा है. जाट के साथ



एक बेदर्द मुठभेड़ के लिए स्टेज तैयार है. 10 अप्रैल को दुनिया भर में ग्रैंड रिलीज.

वीडियो की शुरुआत पुलिस स्टेशन में बैठे रणदीप हुड्डा से होती है. वह कहते हैं, मुझे मेरा नाम बहुत प्यारा है. इसके बाद वीडियो में रणदीप का एक शानदार शॉट दिखाया जाता है, जिसमें वह बारिश में बाहर बैठे हैं और वह अपने सिर को जूट के थैले से ढके हुए हैं.

# हार के बाद स्वदेश पहुंची न्यूजीलैंड

नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हार के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अब अपने देश वापस लौट चुकी है। रविवार को खेले गए फाइनल में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया था। इसके साथ ही टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड से 25 साल पुरानी हार का बदला भी ले लिया था। चैंपियंस ट्रॉफी 2000 के फाइनल में कीवी टीम ने भारतीय टीम को मात दी थी।

**कीवी टीम का हुआ जोरदार स्वागत**

हार के बाद अब कीवी टीम अपने देश वापस लौट चुकी है। स्वदेश वापसी पर न्यूजीलैंड का गर्मजोशी से सगत हुआ। ब्लैककैप्स ने एक्स पर न्यूजीलैंड टीम की घर वापसी का वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि छोटे–छोटे बच्चे अपने पसंदीदा क्रिकेटर की एक झलक पाने के लिए




एयरपोर्ट पहुंचे हैं। इस दौरान बच्चे अपने हीरो से ऑटोग्राफ भी लेते हैं, उनके साथ फोटो क्लिक कराते हैं। पूरी टीम का तालियां बजाकर स्वागत किया जाता है। एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मी भी मौजूद हैं, जो प्लेयर्स का इंटरव्यू कर रहे हैं।

**फाइनल मुकाबले का हाल**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल की बात करें तो न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। पहले बैटिंग करने उतरी कीवी टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 251 रन बनाए थे। डेरेल मिचेल ने सबसे ज्यादा 63 रन की पारी खेली। जवाब में रोहित शर्मा के अर्धशतक की बदौलत भारत ने 49 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट चेज कर लिया। भारतीय कप्तान ने 83 गेंदों पर 76 रन की पारी खेली। उनके अलावा श्रेयस अय्यर ने 48 रन बनाए थे।

## चैंपियन कोच बनने के बाद गुरुद्वारे पहुंचे गौतम गंभीर

नई दिल्ली। भारतीय टीम को चैंपियन बनाने के बाद हेड कोच गौतम गंभीर दिल्ली लौट आए। घर वापसी करने पर गौतम गंभीर गुरुद्वारे में माथा टेकने पहुंचे। बता दें कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में गौतम गंभीर की कोचिंग में भारतीय टीम चैंपियन बनीं। रोहित शर्मा की अगुआई में टीम ने 9 मार्च को दुबई में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को हराया। भारत ने आखिरी बार 2013 में एमएस धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। 2002 में भी भारतीय टीम श्रीलंका के साथ संयुक्त रुप से विजेता बनी थीं। फाइनल मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। भारत ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में अजेय रहते हुए तीसरी बार खिताब जीता।


# चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद भारतीय टीम पर टूटा दुखों का पहाड़, पूर्व क्रिकेटर का हुआ निधन

नई दिल्ली। भारतीय टीम इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की जीत का जश्न मना रही है। हालांकि, इस बीच टीम इंडिया पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। टीम के लिए बुरी खबर सामने आई है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सैयद आबिद अली का आज, बुधवार को 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।

उन्होंने अपने करियर में 29 टेस्ट और 5 वनडे मैच खेले थे। इस दौरान दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने 54 विकेट चटकाए।

**बेहतरीन फील्डर थे अली**

सैयद आबिद अली को न केवल विकेटों के बीच तेज दौड़ने के लिए, बल्कि



भारतीय क्रिकेट के सबसे बेहतरीन फील्डर में से एक के रूप में जाना जाता था। वह मैदान पर घंटों कैच की प्रैक्टिस करते थे।

सैयद आबिद अली ने 13 जुलाई 1974 को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था। उन्होंने अपने करियर में खेले 5 वनडे की 5 पारियों में 7 विकेट चटकाए थे। इस दौरान उनकी औसत 26.71 की और इकोनॉमी 3.33 की रही थी।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे डेब्यू**

सैयद आबिद अली ने दिसंबर 1967 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने अपने करियर में खेले 29 टेस्ट की 49 पारियों में 47 विकेट चटकाए थे। उन्होंने टेस्ट में 1 बार 5 विकेट हॉल लिया। 7/116 एक टेस्ट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। टेस्ट में उनकी औसत 42.12 की और इकोनॉमी 2.85 की थी।

## एक नजर

### एसी कोच व एक तृतीय श्रेणी कोच की व्यवस्था करवाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : आनंद विहार एक्सप्रेस में शीघ्र ही द्वितीय श्रेणी एसी कोच व एक तृतीय श्रेणी की व्यवस्था की जाएगी। सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र जखमोला ने बताया कि सांसद अनिल बलूनी विगत दिनों कोटद्वार क्षेत्र के भ्रमण पर आए। क्षेत्रीय जनता उनसे आनंद विहार एक्सप्रेस में एक द्वितीय श्रेणी एसी कोच व एक तृतीय श्रेणी कोच बढ़ाने की मांग की गई। साथ ही ट्रेन को जयपुर तक बढ़ाने का भी आग्रह किया गया। गढ़वाल सांसद ने शीघ्र ही रेल मंत्री से वार्ता कर द्वितीय श्रेणी में एसी कोच व तृतीय श्रेणी कोच बढ़ाने का आग्रह किया जाएगा। कहा कि यह कार्य मार्च माह के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है।

### पोस्टर में सिमरन व निकिता ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पीएमश्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज पौड़ी में भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वावधान में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर मेंटर कांति किमोठी द्वारा क्लब मेंबर को मानकों को दैनिक जीवन में आवश्यकता के बारे में बताया। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के 20 क्लब मेंबर द्वारा प्रतिभाग किया गया। स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में सिमरन रावत व निकिता ने पहला, ऐश्वर्या नौटियाल व प्रिया रावत ने दूसरा, श्रुति भंडारी व खुशी ने तीसरा, ममता कंडवाल व सिमरन कुमारी ने चौथा स्थान हासिल किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्या संगीता वाल्मीकि ने किया। इस मौके पर आरती शाह, शोभा, ममता काला आदि शामिल रहे।

### पौड़ी में राठ क्षेत्र के होल्यारों ने गाए होली गीत, विधायक कार्यालय में मनाई होली

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शहर में इन दिनों युवा होल्यारों की टीमें नगर व कस्बों में होली के पारंपरिक गीत गाकर होली का त्योहार मना रहे हैं। बुधवार को विधायक कार्यालय में भी विधायक ने कार्यकर्ताओं व लोगों के साथ रंगों के पर्व को लेकर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। वहीं शहर में राठ क्षेत्र से आई होल्यारों की टीमों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ होली के गीत गाए।

बुधवार को पौड़ी में राठ क्षेत्र के बालकंडारस्यू, कंडारस्यूं और ढाईज्यूली पट्टियों से पहुंची होल्यारों की टीमों ने शहर भ्रमण कर पारंपरिक तरीके से होली के गीत गाए। वहीं, विधायक कार्यालय में ली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर विधायक के साथ होली मनाई। नगर पालिका अध्यक्ष हिमानी नेगी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष केशर सिंह नेगी ने भी विधायक कार्यालय पहुंचकर विधायक को होली की शुभकामनाएं दी। होल्यारों की टीम में पंकज रावत, रेवाधर प्रसाद, धीरज नेगी, प्रेम रावत, संजय मुंडेपी, गौरव नौटियाल, योगेश पुसोला, प्रियांशु नौटियाल, सचिन, अनिल पंत, संतोष नौटियाल आदि शामिल रहे। वहीं, विधायक कार्यालय में ब्लाक प्रमुख प्रशासक दीपक कुकशाल, प्रियंका थपलियाल, सभासद संगीता रावत, सुमनलता ध्यानी, अनसूया प्रसाद सुंद्रियाल, ओम प्रकाश जुगरण आदि मौजूद रहे।

### पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध

चमोली : होली और रमजान पर्व के दौरान जुम्मे की नमाज को सकुशल और सौहार्दपूर्वक तरीके से मनाए जाने के लिए पुलिस उपाधीक्षक अमित सैनी ने कोतवाली कर्णप्रयाग में गौचर, लंगासू और कर्णप्रयाग क्षेत्र के हिंदू और मुस्लिम समुदायों के लोगों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि होली व रमजान के पावन पर्व के दौरान होने वाली जुम्मे की नवाज दोनों त्यौहार शांति और सद्भाव के साथ मनाए जाएं। कहा, आपसी भाईचारा बनाए रखें और सोशल मीडिया की किसी भी अफवाह या भड़काऊ बयान पर ध्यान न दें। पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस मौके पर व्यापार संघ अध्यक्ष बीरेंद्र मिंगवाल, डॉ. मदन मोहन नवानी, गौतम मिंगवाल, रामकृष्ण भट्ट आदि थे।

### 17 मार्च को लगेगा विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर

चमोली : मेहलचौरी के खेल मैदान में आगामी 17 मार्च सोमवार को प्रातः 10 बजे बहुउद्देशीय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस बहुउद्देशीय विधिक जागरूकता शिविर आम जन मानस को कानून की जानकारी के साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा जनउपयोगी स्टॉल लगाएं जायेंगे। पीएलवी राधा बिष्ट ने सभी जरूरतमंदों से शिविर में पहुंचकर लाभ लेने की अपील की है।

# पिचकारी सरा रा रा कैन मारी सरा रा....

### कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में शुरू हुआ होली का पर्व

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में होली का रंग उड़ने लगा है। हल्यारों ने घर-घर में जाकर होली के गीत गाते हुए लोगों को होली की शुभकामनाएं दी।

साथ ही स्कूलों में भी बच्चों ने एक दूसरे पर खूब रंग लगाया। यही नहीं स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। होली को लेकर बच्चों से लेकर बड़ों में काफी उत्साह बना हुआ था। रंगों के पर्व होली को लेकर हर कोई उत्साहित है। बुधवार से स्कूल व कार्यालयों में होली का अवकाश भी घोषित हो चुका है। लेकिन, इससे पूर्व स्कूलों में होली का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। स्कूलों में सुबह से ही होली के कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूल में विद्यार्थियों ने एक-दूसरे पर रंग


कोटद्वार में होली मनाते स्कूली बच्चे

लगाते हुए होली की बधाईयां दी। मालिनी वैली कालेज आफ एजूकेशन में शिवराजपुर-मोटाढांक की कीर्तन मंडलियों ने होली के गीत गाए। साथ ही मन्सार लोक कला सांस्कृतिक समिति के सदस्यों ने ढोल-दमाऊ के साथ होली के गीत गाए। होली के गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष योगंबर सिंह, प्राचार्य डा. संगीत नेगी, डा. प्रभा जोशी, डा. हेमलता नेगी, नीलम बिष्ट, रश्मि राणा, नूतन कुकरेती, बीना रावत, भूपेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे। वहीं, हेमनदास सस्वती शिशु मंदिर जानकीनगर में विद्यार्थियों को होली के पर्व के महत्व के बारे में बताया गया। बच्चों ने विभिन्न कविताएं, कहानी व नृत्यों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप नौटियाल, योगेश नेगी, गीता रावत, सुनीता पंत, कीर्ति द्विवेदी, श्रेया चौधरी, पूजा चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे। उधर, एमकेवीएन स्कूल कण्वघाटी व शिब्बूनगर में भी होली को लेकर बच्चों में उत्साह बना हुआ था। प्रबंध निदेशक प्रकाश चंद्र कोठारी ने बच्चों को होली के महत्व के बारे में बताया। कहा कि होली परंपरा, खुशहाली और आपसी भाईचारे की भावना का त्योहार है। होली, बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। इस मौके पर मंयक प्रकाश कोठारी, सिन्धु कोठारी, सोनम पंत, आरती कण्डवाल, संजय कुमार जोशी, कविता रावत, रेखा नेगी, पुष्पा केष्टवाल, राजेन्द्र कुमार, मंजू असवाल, ममता नेगी, पुष्पा आर्या, सरिता देवी आदि मौजूद रहे। पुराना सिद्धबली मार्ग में भूतपूर्व सैनिक लीग सभागार में होली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। सदस्यों ने एक-दूसरे पर रंग लगाते हुए होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संरक्षक बीएस गुसाईं, वीवी ध्यानी, वीपीएस रावत आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने ठगी गई रकम दिलवाई वापस

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शहर में साइबर अपराध लगातार बढ़ता जा रहा है। लेकिन, पुलिस द्वारा सक्रियता से लोगों के खाते से ठगी गई रकम भी वापस दिलवाई जा रही है। साइबर ठगों ने बंद पड़े मोबाइल सिम का प्रयोग कर एक व्यक्ति के खाते से लाखों की धनराशि उड़ा दी। हालांकि, पुलिस ने संबंधित बैंक से संपर्क कर उक्त धनराशि को वापस दिलवा दिया है। इस संबंध पदमपुर निवासी पंकज चौहान ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि कुछ समय पूर्व उनका एक मोबाइल सिम बंद हो गया था। लेकिन, किसी व्यक्ति ने सिम का प्रयोग कर उनके बैंक खाते से दस लाख रुपये निकाल लिए। बताया कि जब उन्होंने बैंक से संपर्क किया तो उन्हें अपने साथ ही उठी के बारे में पता चला। पुलिस ने बताया कि उक्त धनराशि को वापस युवक के खाते में दिवाया दिया गया है। पुलिस ने आमजन को साइबर अपराध के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कहा कि साइबर अपराधी प्रतिदिन ठगी के नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। ऐसे में जागरूकता ही साइबर ठगी से बचाव है।

# आबादी में जंगली जानवरों की धमक पर रोष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : प्रखंड जयहरीखाल के अंतर्गत ग्राम धौड़ा वल्लस के ग्रामीणों ने जंगली जानवरों के आबादी क्षेत्र में आने व फायर सीजन में आग लगने की घटनाओं पर आक्रोश जताया। ग्रामीणों ने वन विभाग के साथ सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किए जाने की मांग की है। लैंसडौन वन प्रभाग के रेंज अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में ग्राम धौड़ा वल्ला के वन पंचायत सरपंच प्रकाश चंद्र गौड़ ने कहा कि ग्राम धौड़ा वल्ला तीन ओर से वन क्षेत्र से घिरा हुआ है। गांव में लगातार हाथियों का आतंक बना रहता है। हाथियों ने गांव में बड़ी संख्या में केले के पेड़ों को तहस-नहस कर दिया। साथ ही उनके बगीचे में खड़े 150 अमरूद के पेड़ों को भी तोड़ दिया। हाथियों के झुंड ने ग्रामीणों की कृषि भूमि पर उगे आलू, प्याज की फसल को भी रौंद कर बर्बाद कर दिया है, जिससे काश्तकारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। कहा कि फायर सीजन में भी आग गांव तक पहुंच जाती है और ग्रामीणों को ही नुकसान झेलना पड़ता है। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी लैंसडौन वन प्रभाग व कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी से ग्रामीणों के साथ गोष्ठी आयोजित कर समस्या का निराकरण करवाने की मांग की है।

### मशीन में आया किशोर का हाथ

कोटद्वार : कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत पदमपुर निवासी एक आठ साल के बच्चे का हाथ गन्ने की मशीन में आने से बुरी तरह जख्मी हो गया।पदमपुर निवासी आयुष्मान पुत्र महेश सड़क किनारे लगी एक गन्ने का रस निकालने वाली मशीन के समीप खड़ा था। रस निकाल रहा व्यापारी किस काम से समीप ही दुकान की ओर गया, इसी दौरान आयुष्मान ने खेल-खेल में अपना हाथ गन्ने की मशीन की ओर डाल दिया। गंभीर हालत में आयुष्मान को कोटद्वार के बेस चिकित्सालय में लाकर भर्ती किया गया है। जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे देहरादून रेफर कर दिया।

# पुरानी और नई सुरंग से हो रहा है यातायात का संचालन

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ हाईवे को जोड़ने वाले जवाड़ी बाईपास पर क्षतिग्रस्त एप्रोच मार्ग का पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने निरीक्षण किया। उन्होंने बेहतर यातायात के लिए एनएच लोनिवि के अफसरों को जल्द एप्रोच ठीक करने के लिए निर्देशित किया, जबकि वाहनों के आवागमन के लिए पुरानी और नई सुरंग के साथ ही वैकल्पिक मार्गों से व्यवस्था सुचारू कराई है। ताकि मुख्य बाजार में जाम की स्थिति पैदा न हो।

बता दें कि बीते दिन गुलाबराय से जवाड़ी बाईपास के करीब पुल के एप्रोच मार्ग का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त होने से यहां वाहनों का आवागमन बंद हो गया है। इसी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने यातायात के बेहतर संचालन के लिए मौके का निरीक्षण किया। एसपी ने बताया कि जवाड़ी बाईपास मार्ग बाधित होने से वाहनों की आवाजाही मुख्य बाजार रुद्रप्रयाग से की जा रही है। पुलिस स्तर से बेहतर यातायात संचालन का प्रयास किया जा रहा है। कई जगहों पर पुलिस बल तैनात है। बताया कि श्रीनगर से रुद्रप्रयाग की ओर आने वाले वाहनों को मुख्य बाजार रुद्रप्रयाग से होते हुए तिलवाड़ा की तरफ जाने की दशा में बेलनी पुल से होते हुए पुरानी सुरंग से भेजा जा रहा है। जबकि तिलवाड़ा की ओर से आने वाले यातायात को नई सुरंग से बेलनी होते हुए मुख्य बाजार भेजा जा रहा है।

बेलनी पुल पर सुरक्षा की दृष्टि से बड़े वाहनों की आवाजाही के समय वाहन के सवारियों को उतारा जा रहा है। ऐसे सभी भारी वाहन जो श्रीनगर गढ़वाल, घनसाली व कीर्तिनगर से जनपद रुद्रप्रयाग के लिए आवागमन करेंगे।

उनके लिए टिहरी–घनसाली-तिलखाड़ा वैकल्पिक मोटर मार्ग का उपयोग किया जाएगा।

### गढ़वाल विवि में चुनाव 21 मार्च को

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद के चुनाव का बिगुल बज चुका है। शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद का चुनाव 21 मार्च को होगा। शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद चुनाव के मुख्य चुनाव अधिकारी वीएन बहुगुणा ने बताया कि गढ़वाल विवि में दो वर्ष की अवधि के लिए शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद की चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बहुगुणा ने बताया कि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सह-सचिव, कोषाध्यक्ष और प्रचार मंत्री पद पर होने वाले चुनाव के लिए 13 से 17 मार्च तक सुबह 11 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक नामांकन प्रक्रिया चलेगी। 18 मार्च को 12 बजे तक नाम वापसी और उसके बाद अपराह्न 4 बजे चुनाव चिन्ह आवंटित किए जायेंगे। 21 मार्च को सुबह 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक मतदान होगा, जबकि मतगणना उसी दिन अपरान्ह 3 बजे और मतगणना के उपरांत चुनावी परिणाम घोषित किया जायेगा।

# स्टैंड को लेकर आपस में भीड़े ई-रिक्शा चालक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में स्टैंड को लेकर ई-रिक्शा चालकों का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। बुधवार को नजीबाबाद चौराहे के समीप ई-रिक्शा चालकों के बीच स्टैंड को लेकर विवाद हो गया। सड़क पर हो रहे विवाद के दौरान जाम की स्थिति भी देखने को मिली।

कोटद्वार में लगातार ई-रिक्शा चालकों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी इनके लिए ई-रिक्शा खड़ा करने की हो रही है। देवी रोड के साथ ही भाबर क्षेत्र में संचालित होने वाले ई-रिक्शा नजीबाबाद चौराहे के समीप खड़े रहते हैं।

बुधवार को अन्य रूट पर चलने वाले ई-रिक्शा संचालक ने भी उक्त स्थान पर अपना ई-रिक्शा खड़ा कर दिया। ऐसे में पूर्व से उक्त स्थान पर खड़े ई-रिक्शा संचालक इसका विरोध करने लगे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि ई-


कोटद्वार के नजीबाबाद चौराहे में विवाद के दौरान खड़े ई-रिक्शा चालक

रिक्शा संचालक दो गुटों में बंट गए और एक-दूसरे को गाली देते हुए देखलेने की भी धमकी देने लगे। विवाद के दौरान देवी रोड को जाने वाले मार्ग पर दोनों ओर जाम लग गया। चौंकाने वाली बात तो यह है कि चौराहे में खड़ी पुलिस यह देखने के बाद भी मूकदर्शक बनी रही। गढ़वाल जीप टैक्सी समिति के अध्यक्ष अमरदीप सिंह रावत ने दोनों गुटों को समझाते हुए नियमों के अनुसार ही उक्त स्थान पर ई-रिक्शा खड़ा करने की अपील की।

# कांग्रेस ने फूंका काबीना मंत्री का पुतला

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : विधानसभा में पहाड़ियों को लेकर विवादित बयान देने पर कांग्रेस ने काबीना मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल का पुतला दहन किया। कहा कि मंत्रियों द्वारा पहाड़ियों के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बुधवार को कांग्रेसियों ने निंबूचौड़ चौराहे के समीप एकत्रित होकर पुतला दहन किया। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बलवीर सिंह रावत व पूर्व महामंत्री रंजना रावत ने कहा कि कुछ दिन पूर्व काबीना मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने पहाड़ियों को लेकर विवादित बयान दिया था। ऐसे में अब तक सरकार ने प्रेमचंद्र अग्रवाल के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इस दौरान कांग्रेस ने विधानसभा कोटद्वार के मुद्दों को लेकर भी रोष व्यक्त किया। कहा कि चुनाव के दौरान जनता से बड़े-बड़े वादें किए थे। लेकिन अब तक


काबीना मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल का पुतला दहन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। कोटद्वार का विकास पूरी तरह से ठप हो गया है, मेडिकल कालेज के लिए स्वीकृत जमीन को खुर्दबुर्द कर दिया है, मालन पुल का निर्माण अभी तक नहीं हो पाया है। इस मौके पर पार्षद श्रीधर प्रसाद बेदवाल, राजेंद्र सिंह नेगी, विनोद रावत, बीरेंद्र सिंह रावत, सुरेश रावत, शुभम रावत, सतेंद्र सिंह नेगी, विमलेश नेगी, शीला भारती, ज्योति देवी, सुनीता नेगी, वीरेंद्र पाल सिंह रावत, प्रेम सिंह पयाल मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

चमोली : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन व ग्राम्य विकास विभाग के तत्वाधान में मॉडल क्लस्टर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को संपन्न हो गया है, जिसमें चार विकास खण्ड नारायणबगड़, थराली, देवाल व गैरसैंण के मॉडल क्लस्टर पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। ब्लॉक सभागार नारायणबगड़ में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वायतशासी संस्था को मजबूत बनाने के साथ वित्तिय संसाधनों का प्रबन्धन के लोगों का जीवन स्तर के साथ आर्थिकी में भी सुधार हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वहीं मास्टर ट्रेनर सौरभ निर्मोही ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से स्वायतशासी संस्थाओं को मॉडल संस्थाओं के रूप में उनका विकास करना है,जिस पर जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी नारायणबगड़ बीरेन्द्र सिंह असवाल, बीएमएल आलोक नेगी, गंभीर, प्रशांत सूरी, प्रियंका, खंड विकास अधिकारी थराली, देवाल, गैरसैंण समेत बड़ी संख्या में एनआरएलएम, रीप सदस्य उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# गणित में सीमा और भाषा में श्वेता के मॉडल रहे अव्वल

चमोली : सूचना शिक्षा संचार तथा अधिगम शिक्षण सामग्री विकसित करने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गौचर में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के समन्वयक गोपाल कपरूवाण ने बताया कि एक तस्वीर हजारों शब्दों को बयान कर देती है और एक कार्यशील अधिगम शिक्षण सामग्री बच्चे के मस्तिष्क में कई चित्र जोड़ती है। तीन से नौ वर्ष की आयु में बच्चे के मस्तिष्क में तंत्रिका कनेक्शन तेजी से विकसित होते हैं।

इस उम्र में बच्चे जितने अधिक संवेदी अंगों का उपयोग करते है व उनके दिमाग में सीखना काफ़ी हद तक स्थायी होता है। इस दौरान आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता सुनिश्चित करने के लिए निपुण भारत मिशन के अंतर्गत अधिगम शिक्षण सामग्री और सूचना शिक्षा संचार कार्यशाला में प्रतिभागियों ने अधिगम शिक्षण सामग्री का प्रस्तुतीकरण भी किया।

डायट स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पांच अधिगम शिक्षण सामग्री गणित में सीमा नौटियाल, किरन सैंजवाल, बबीता नेगी, विनीता, विनोद रौतेला राजकीय प्राथमिक विद्यालय चौण्डी पोखरी के मॉडल चयनित किए गए ' हिंदी भाषा में श्वेता रावत, पूनम दानू, रजनी नेगी, अलका शाह तथा बीना वशिष्ठ के मॉडल चयनित हुए। यह सभी प्रतिभागी राज्य स्तर पर जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। रविंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, सुबोध डिमरी, पानू चौहान ने मूल्यांकन प्रक्रिया में निर्णायक की भूमिका निभाई। इस मौके पर संस्थान के प्रभारी प्राचार्य राजेंद्र मैखुरी, गोपाल कपरुवान आदि थे। (एजेंसी)

### दो वाहन चालकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चमोली : गौचर पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान शराब के नशे में वाहन चला रहे दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया। दोनों चालक यात्रियों व सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की जान जोखिम में डाल रहा थे। थानाध्यक्ष डीएस रावत ने बताया कि मंगलवार शाम को वैकिंग के दौरान वाहन को रोकने पर पुलिस टीम को संदेह हुआ कि चालक देवेंद्र निवासी ग्राम भगोती, नारायणबगड़, थराली शराब के नशे में है। पुलिस ने वाहन में सवार यात्रियों से पूछताछ की तो एक महिला यात्री ने बताया कि ड्राइवर नशे में होने के कारण खतरनाक तरीके से गाड़ी चला रहा था। उसकी रैश ड्राइविंग से गाड़ी में सवार सभी यात्री डरे हुए थे। पुलिस ने चालक देवेंद्र को गिरफ्तार कर वाहन को सीज कर दिया गया। (एजेंसी)

# जल्लू और कपरोली गांव की महिलाओ में चारापत्ती को लेकर हुआ विवाद

## पुलिस ने चार लोगों पर दर्ज किया मुकदमा

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : थलीसैंण के जल्लू और कपरोली गांव की महिलाओं में बीती शाम चारा पत्ती को लेकर विवाद हो गया। दोनों गांवों की महिलाएं गांव के पास ही पड़ने वाले जंगल में चारा पत्ती के लिए गई हुई थी। तभी चारा पत्ती के कटान को लेकर जंगल में ही दोनों गांवों की महिलाएं आपस में ही भिड़ गई। कुछ महिलाओं को मामूली चोंटे भी आई है, हालांकि कोई भी महिला अस्पताल में भर्ती नहीं है।

ममाले का संज्ञान लेते हुए वन विभाग ने जंगल के इस हिस्से में दोनों ही गांवों के चारा पत्ती कटान पर रोक लगा दी है। विवाद को देखते हुए वन विभाग ने चारा पत्ती का समस्या न हो इसके लिए दोनों ही गांवों के लिए अलग कंपारमेंटों भी बांटे है। वहीं इसी मामले में जल्लू निवासी एक व्यक्ति ने थाना थलीसैंण में कपरोली गांव के चार लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर भी दी है। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिलाओं के इस विवाद को लेकर सोशल मीडिया पर भी वीडियो वायरल हो रहे हैं। इन वीडियों को मंगलवार की शाम का ही बताया जा रहा है। थलीसैंण के जल्लू और कपरोली गांव की महिलाएं पशुओं के लिए चारा पत्ती लेने के लिए आरक्षित कंपारमेंट संख्या 26 में जाती रहती है।

यह जंगल दोनों गांवों के पास ही है। इन दिनों पशुओं के लिए बांज की पत्तियों को पशुओं के लिए चारे के लिए महिलाएं काटती है। बताया जा रहा है पहले सोमवार को भी कुछ हल्का विवाद हुआ था। इसके बाद मंगलवार को भी चारा पत्ती को लेकर महिलाओं के बीच विवाद शुरू हो गया और यह इतना बढ़ गया कि दोनों ही गांवों की महिलाएं आपस में उलझ गई। जो वीडियो वायरल हो रहे है उनमें किसी महिला के हाथ में डंडा तो कुछ के हाथ में जंगल की पेड़ की टहनियां दिख रही है। इसी से महिलाएं एक दूसरे पर वार कर रही है। बताया जा रहा है कुछ महिलाओं को मामूली चोटें भी आई है। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वपनिल अनिरुद्ध ने बताया कि पहले भी संबंधित गांवों के साथ बैठक कर इस समस्या का निस्तारण किया गया था। लेकिन फिर चारा पत्ती को लेकर विवाद सामने आया है। थलीसैंण के रेंज अधिकारी को दोनों गांवों के लोगों के साथ शांति बैठक करने को कहा गया है। साथ ही जहां विवाद हुआ है उस जंगल में चारा पत्ती कटान पर दोनों गांवों के लिए विभाग ने रोक लगा दी है। दोनों ही गांवों के लिए अब अलग-अलग व्यवस्था की गई है, ताकि विवाद के हालत पैदा न हो। दूसरी तरफ जल्लू गांव निवासी रणवीर ने थाना थलीसैंण में चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। थलीसैंण के थाना प्रभारी लाखन सिंह ने बताया कि मनोज, सोबन, जसी और सुरेंद्र के खिलाफ तहरीर दी गई है। आरोप है कि उक्त लोगों ने रणवीर सिंह के साथ मारपीट की। तहरीर पर उक्त चारों लोगों के खिलाफ धमकाने और मारपीट करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# निसणी की रीना बना रही हर्बल रंग, होली के त्योहार पर हर्बल रंगों की बढ़ी डिमांड



जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : होली का त्योहार रंगों और खुशियों का प्रतीक है। रंगों की बढ़ती मांग को देखते हुए बाजार में रासायनिक रंग बिकते हैं। लेकिन इन रंगों से त्वचा और आंखों को नुकसान पहुंचने का खतरा बना रहता है। इसे देखते हुए लोग हर्बल रंगों की डिमांड कर रहे हैं। ऐसे में सरकारी योजनाओं की सहायता से जिले में कुछ महिलाएं हर्बल रंग बनाने का काम रही हैं। यह रंग हाथों-हाथ बिक रहे है। इन्ही महिलाओं में शामिल है विकासखंड पौड़ी के निसणी गांव की रीना देवी। रीना व्यक्तिगत रूप से घर पर ही हर्बल रंग बना रही हैं। दरअसल रीना के मन में लंबे समय से स्वरोजगार करने की चाह थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चल रहे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) उनकी योजना को धरातल में उतारने में सहायक बना।

मिशन ने काम शुरू करने के लिए उनको शुरुआत में पांच हजार रूपये रिवाल्विंग फंड दिया। साथ ही बैंक में डेढ़ लाख रूपये की कैश क्रेडिट लिमिट (सीसीएल) बनाई। ताकि स्वरोजगार के लिए धन की कमी आड़े न आए।

वर्तमान में होली के त्योहार को देखते हुए रीना देवी घर पर ही स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री से हर्बल रंग तैयार कर बाजार में बेच रही है। रीना ने बताया कि प्राकृतिक रंग बनाने के लिए उन्होंने पालक और चुकंदर सहित अन्य वस्तुओं का प्रयोग किया।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान कोटद्वार**

पत्रांक 4015 / निविदा / 2024-25 दिनांक 12/03/2025

**निरस्ती पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 3945/टेण्डर/2024-25 दिनांक 03.03.2025 द्वारा आमंत्रित निविदायें जो कि दिनांक 19.03.2025 को सांय 5.00 बजे तक शाखा कार्यालय में प्राप्त की जानी थी एवं दिनांक 20.03.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जानी थी, जो अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

अधिशासी अभियन्ता

(0792/59)



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियंता/प्रथम द्वारा ई–टेन्डर जिनके बंद होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 358-DRM-MB-24-25 Dt : 11.03.2025 |
|---|---|
| कार्य का नाम | Elimination of Level Crossing No. 502 by providing LHS (Cast in situ) on MB-SRE in the section of ADEN/RK. |
| निविदा का प्रकार | Works |
| अनुमानित लागत | 4,16,92,906.89 |
| धरोहर राशि | 3,58,500.00 |
| टेन्डर क्लोसिंक दिनांक/समय | 03.04.2025 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 20.03.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |

टेन्डर नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 11.03.2025 779/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई–टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित हैं। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं, जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 328-DRM-MB-24-25 Dated 12.02.2025 |
|---|---|
| कार्य का नाम | Construction of Boundary wall and road infrastructure at Oak Grove School, Jharipani under ADEN/HW |
| निविदा का प्रकार | Works |
| अनुमानित लागत (रु.) | 4,41,33,038.01 |
| धरोहर राशि (रु.) | 3,70,700.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 03.04.2025, 16:00 बजे |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 20.03.2025 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |

नं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 12.03.2025 789/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### गोरखाली सुधार सभा भारुवाला ग्रांट शाखा का हुआ वार्षिक अधिवेशन

देहरादून। गोरखाली सुधार सभा की भारुवाला ग्रांट शाखा का वार्षिक अधिवेशन मंदिर परिसर स्थित गोरखा संघ कार्यालय में शाखा अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह क्षेत्री की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें मेधावी छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति दी गई वहीं वीर नारियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि गोरखाली सुधार सभा अध्यक्ष पदम सिंह थापा, बसंत कुमार गुरुंग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष्ज्ञ राजन क्षेत्री, महामंत्री गोपाल क्षेत्री, मीडिया प्रभारी प्रभा शााह ने मेधावी छात्र आर्यन सापकोटा, शुभ सापकोटा, प्रथम गुरुंग, वीनस थापा, रिषिता विश्राम राई, शौर्य गुरुंग, स्वास्तिक कुमार तमांग, आकृति थापा, अक्षरा थापा, सार्थिका गुरुंग, प्रतीक्षा गुरुंग को छात्रवृत्ति दी गई। साथ ही वीर नारी प्रभा थापा, सुमन गुरुंग, वरिष्ठ समाज सेवी हुकुम सिंह थापा को सम्मानित किया गया। मौके पर एलबी थापा, मन बहादुर राना, रवि विश्वास, दिल बहादुर आले मौजूद रहे।

### आर्यनगर, नदी रिस्पना, डीएल रोड का सीवर पहुंचेगा सीधे मोथरोवाला

देहरादून। जल संस्थान ने आर्यनगर, नदी रिस्पना और डीएल रोड वार्डों में नई सीवर लाइन पर कनेक्शन देने का काम शुरु कर दिया है। इन वार्डों में करीब तीन हजार घरों को सीवर लाइन से जोड़ा जा रहा है। इन वार्डों का सीवर रिस्पना नदी में बिछी सीवर लाइन के जरिए सीधा मोथरोवाला सीवर ट्रीटमेंट प्लांट को जाएगा। सीवर लाइन शुरू होने से इस घनी आबादी वाले क्षेत्र के हजारों की आबादी को फायदा मिलेगा। जल संस्थान ने सीवर संयोजन देने के लिए शिविर लगाने प्रारंभ कर दिए हैं। दिलाराम वाटर वर्क्स के अलावा सहायक अभियंता कार्यालय में भी सीवर के लिए आवेदन दिया जा सकता है। नए सीवर संयोजन के लिए उपभोक्ता को पानी का बिल, हाउस टैक्स की रसीद, भवन की रजिस्ट्री, आधार कार्ड की कॉपी, सौ रुपए का स्टाम्प, फोटो आवेदन पत्र के साथ देनी होगी। करीब 4175 रुपये के साथ कुछ अतिरिक्त व्यय के साथ कनेक्शन जोड़ दिया जाएगा। जल संस्थान के सहायक अभियंता राघवेन्द्र डोभाल ने बताया कि पेयजल निगम ने सीवर लाइन का काम पूरा कर दिया है। यह लाइन जल संस्थान को हैंडओवर की जा चुकी है। लिहाजा सीवर कनेक्शन देने का काम जल संस्थान ने शुरू कर दिया है। मोथरोवाला में 18 एमएलडी के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट से रिस्पना नदी में बिछाई गई मुख्य सीवर लाइन से इस इलाके को पहले ही जोड़ दिया गया है।

### रोडवेज कर्मचारियों को होली पर एडवांस वेतन मिलेगा

देहरादून। रोडवेज के अधिकारी और कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। कर्मचारियों को होली पर एडवांस वेतन मिलेगा। नियमित कर्मचारियों को 5000 हजार और संविदा, विशेष श्रेणी कर्मचारियों को 2500 रुपये अग्रिम भुगतान मिलेगा। अग्रिम वेतन भुगतान का आदेश वित्त नियंत्रक आंनद सिंह ने किए हैं। आदेश में कहा कि अधिकारी और कर्मचारियों को अग्रिम भुगतान के लिए प्रार्थना पत्र देना होगा। भुगतान का समायोजन माह अप्रैल के वेतन में किया जाएगा। प्रबंधन के इस आदेश का फायदा चार हजार से ज्यादा कर्मचारियों को मिलेगा।

### 2415 मेडिकल–पैरामेडिकल छात्रों को मिलेगी उपाधि

देहरादून। एचएनबी मेडिकल विवि का दीक्षांत समारोह 26 मार्च को शीशमबाड़ा स्थित विवि परिसर में होगा। परीक्षा नियंत्रक प्रो. विजय जुयाल ने बुधवार को मीडिया बयान में बताया कि राज्यपाल गुरमीत सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं एम्स निदेशक डॉ. मीनू सिंह अतिथि रहेंगे। एमबीबीएस के 60 प्रतिशत, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में 65 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को मंच पर उपाधि प्रदान की जाएगी। 57 छात्र–छात्राओं को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रोज मेडल दिए जाएंगे। तीन शोधार्थियों को पीएचडी एवं चार को एमसी पंत सर्वश्रेष्ठ शोध पुरस्कार प्रदान किये जायेगें। इस वर्ष कुल 2415 छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान की जाएगी। पंजीकरण वेबसाइट पर कराना अनिवार्य है।

### रायपुर क्षेत्र में पकड़े 70 बंदर

देहरादून। डीएफओ मसूरी अमित कंवर के निर्देश पर बुधवार को रायपुर रेंज में मानव वन्य जीव संघर्ष रोकने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। रेंजर राकेश नेगी ने बताया कि अभियान के तहत हरीवाला, सुंदरवाला, द्रोण वाटिका और मालदेवता घराट के आसपास बंदर पकड़ने के लिए टीमें लगाई गई हैं।

# जिला स्तरीय अधिकारियों का दल जाएगा टिम्मरसैंण



चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में टिम्मरसैंण यात्रा तैयारियों को लेकर मंदिर समिति व यात्रा पर जाने वाले दल के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने उत्तरकाशी के हर्षिल में शीतकालीन पर्यटन कार्यक्रम में टिम्मरसैंण महादेव यात्रा का जिक्र किया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलाधिकारियों को अपने जनपद के शीतकालीन पर्यटन स्थलों को विकसित व प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए थे। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय अधिकारियों का एक दल मार्च के अंतिम सप्ताह या अप्रैल के प्रथम सप्ताह में मौसम व सड़क की स्थिति को देखते हुए टिम्मरसैंण के दर्शन को जाएगा। जो टिम्मरसैंण मन्दिर के पौराणिक एवं आध्यात्मिक महत्व के साथ नीति वैली के सांस्कृतिक गतिविधियों को भी समझेंगे। जिलाधिकारी ने बीआरओ को सड़क को दुरस्त करने व जीएमवीएन को पैदल मार्ग पर रेलिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही नीति के प्रधान को होम स्टे संचालकों की सूची नम्बर सहित उपलब्ध कराने को कहा। इस दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि टिम्मरसैंण में अमरनाथ की तरह प्राकृतिक स्वरूप में शिवलिंग की आकृति बनती है, जो अप्रैल तक रहता है। उन्होंने बताया कि 1962 से पहले यहीं से कैलाश मानसरोवर की यात्रा की जाती थी। उन्होंने सरकार से कैलाश मानसरोवर यात्रा को नीति घाटी से शुरू करने को लेकर अनुरोध किया है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नन्दन कुमार, पर्यटन अधिकारी बृजेन्द्र पाण्डेय सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

### नये केवी विद्यालय इसी सत्र में शुरू करें अधिकारी : डीएम

नई टिहरी : जनपद क्षेत्रान्तर्गत नवीन केन्द्रीय विद्यालयों के निर्माण व नये सत्र से कक्षाएं संचालित किये जाने के सम्बन्ध में डीएम मयूर दीक्षित ने शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी एसपी सेमवाल एवं प्रधानाचार्य केन्द्रीय विद्यालय प्रदीप थपलियाल के साथ कलेक्ट्रेट कक्ष में हुई बैठक के दौरान डीएम ने नये स्वीकृत केन्द्रीय विद्यालय मदननेगी व नरेन्द्रनगर के सम्बन्ध में बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि मदननेगी में डायट टिहरी की पुराने भवन पर आवश्यक कार्य व मरम्मत कर अगले माह से प्राईमरी की कक्षाएं शुरू की जाए। उन्होंने बताया कि डायट का पुराना भवन भूमि सहित केन्द्रीय विद्यालय के निर्माण के लिए दिया जायेगा।

# स्कूलों व कार्यालयों में होली मिलन की रही धूम

नई टिहरी : होली से पूर्व ही त्योहार का खुमार छाने लगा है। बुधवार को सरकारी कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। आराधना लघु उद्योग के प्रबंधक संजय बहुगुणा, सुषमा बहुगुणा ने हर्बल रंगों का वितरण कर होली की शुभकामनाएं दी।

केवी, सरस्वती विद्या मंदिर सहित विभिन्न स्कूलों में होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किये गये। बुधवार को नई टिहरी के बाजारों में रंगों व पिचकारियों की जमकर खरीददारी भी हुई। बुधवार को कलेक्ट्रेट में एडीएम अरविंद कुमार पांडेय के नेतृत्व में अधिकारी-कर्मचारियों ने डीएम मयूर दीक्षित को रंग-गुलाल और गुजिया भेंट कर होली की बधाई दी। डीएम मयूर ने कहा कि होली प्रेम, उत्साह और रंगों का त्योहार है। सभी को मिलकर इसका लुत्फ उठाना चाहिए। कहा कि एसएसपी को निर्देश दिए हैं कि त्योहार पर सुरक्षा व्यवस्था को चौकस रखें। हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखी जाए। इस मौके पर गोदांबरी डबराल, रमेश सकलानी, चंद्रेश्वर थपलियाल, खुशीराम डंगवाल, सुखबीर रावत, केशव गैरोला, विनोद कुमार, बलवंत नेगी आदि मौजूद रहे। वहीं आराधना लघु उद्योग के प्रबंधन संजय बहुगुणा ने हल्दी, चुकंदर, फूलों से बने हर्बल रंग डीएम, कर्मियों और मीडिया प्रतिनिधियों को वितरण कर चाइनीज और केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग न करने की अपील की। दूसरी ओर नगर पंचायत गजा में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष कुंवर सिंह चौहान सहित वार्ड सभासद राजेंद्र चौहान, जसवंत चौहान, रंजना चौहान, जमुना देवी सहित, पूर्व सभासदों, कर्मचारियों, व्यापारियों और लोगों ने रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

# सीडीओ ने उत्कृष्ट बुनकरों, हस्तशिल्पी और लघु उद्यमियों को किया पुरस्कृत

देहरादून। जनपद के उत्कृष्ट हथकरघा बुनकरों, हस्तशिल्पियों और लघु उद्यमियों के चयन हेतु बुधवार को विकास भवन सभागार में उनके द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा उत्कृष्ट उत्पादों का चयन करते हुए हथकरघा, हस्तशिल्पियों और लघु उद्यमियों को प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिला स्तर पर आयोजित इस प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार के रूप में 06 हजार एवं द्वितीय पुरस्कार के तहत 04 हजार की धनराशि प्रदान की गई। इन उद्यमियों को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।

मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने कहा कि हस्तशिल्प, हथकरघा एवं लघु उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए यह पुरस्कार दिए जाते है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार न केवल इन उद्यमियों को प्रोत्साहित करते है, बल्कि यह उनके उत्पादों को भी बढ़ावा देते है। उन्होंने कहा कि उद्यमी अपने उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी बेच सकते है।

इससे वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकते है। हस्तशिल्प में प्रथम पुरस्कार के लिए जयश्री चौधरी और द्वितीय पुरस्कार के लिए पूनम कुमारी का चयन किया गया।

### 70 हजार की चरस के साथ दो गिरफ्तार

नई टिहरी : पुलिस ने अवैध नशे के खिलाफ कार्यवाही करते हुए चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की है। पुलिस की मीडिया सेल के अनुसार एसएसपी आयुष अग्रवाल के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत चैकिंग के दौरान थानाध्यक्ष घनसाली के नेतृत्व में गठित टीम ने कांगड़ा तिराहा घनसाली से मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों में केश-व से 172.51 ग्राम और अनिल से 178.60 ग्राम कुल 351.11 ग्राम अवैध चरस बरामद की है। जिसकी अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 70,000 रुपये है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि दोनों ही हरियाणा कके होटल में काम करते हैं तथा चरस पीने के आदि हैं, जो चरस को यहां से खरीद कर हरियाणा में बेचने के लिए ले जा रहे थे।

# थराली नगर की सुरक्षा को लेकर पिंडर नदी में रिवर ड्रेजिंग के कार्य हुए शुरु



चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर चमोली जिला प्रशासन की ओर से थराली नगर की सुरक्षा को देखते हुए पिंडर नदी में रिवर ड्रेजिंग कर नदी को चैनलाइज करने का कार्य शुरु कर दिया है। यहां थराली नगर के प्रभावित क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री के साथ ही गढवाल सांसद अनिल बलूनी ने भी दिशा की बैठक के दौरान जिला प्रशासन को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।गौरतलब है कि बीते वर्ष 2024 में बरसात के दौरान थराली क्षेत्र में बादल फटने से पिंडर नदी में भारी मात्रा में मलबा आ गया था। जिससे नदी का जल स्तर बढ़ने से नगर के सरस्वती विद्या मंदिर, मुख्य बाजार औश्र रामलीला ग्राउंड को नदी का जल स्तर बढ़ने से खतरा बना हुआ था। जिसे देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से थराली में रिवर ड्रेजिंग कर नदी को चैनलाइज करने का कार्य शुरु कर दिया है। यहां प्रशासन की ओर से 1280 मीटर नदी तट पर रिवर ड्रेजिंग का कार्य किया जा रहा है। जिससे अब नदी का जलस्तर बढ़ने पर भी थराली नगर को कोई भी नुकसान नहीं होगा। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से मानसून से पूर्व बाढ़ की संभावना वाले क्षेत्रों में रीवर ड्रेजिंग करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके क्रम में जनपद के थराली में रीवर ड्रेजिंग का कार्य शुरु कर दिया गया है। यहां तेजी से नदी तटों से मलबे को हटाया जा रहा है। जिसका नियमानुसार विक्रय करने के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं। (एजेंसी)

# नगर पालिका में हुआ होली मिलन समारोह



नई टिहरी : नगर पालिका टिहरी के कार्यालय में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और वीरांगना सेना की कार्यकर्ताओं ने होली मिलन का आयोजन कर शहरवासियों से नगर को स्वच्छ बनाने और हर्बल रंगों का प्रयोग कर होली मनाने की अपील की। बुधवार को पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत की अध्यक्षता में पालिका सभागार में वार्ड सभासदों, अधिकारी-कर्मचारियों, सफाई कर्मियों, वीरांगना सेना की कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को रंग लगाकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। पालिकाध्यक्ष रावत ने कहा कि होली आपसी समन्वय, सद्भाव, प्रेम और उत्साह का त्योहार है। कहा कि लोग प्राकृतिक रंगों का उपयोग कर होली खेलें। केमिकल वाले रंग त्वचा को नुकसान करते हैं। उन्होंने शहर के लोगों से अपील की कि होली तो दिल खोलकर खेलें, लेकिन शहर, अपने घर और मोहल्ले के स्वच्छता भी ध्यान रखें। नगर को साफ और स्वच्छता रैंकिंग में उत्कृष्ट बनाने के लिए मिलकर कार्य करने की जरूरत है।

### तिब्बत की आजादी को लेकर तिब्बतियों ने निकाली रैली

देहरादून। केन्द्रीय तिब्बतन महिला एसोसिएशन के आह्वान पर परेड ग्राउंड में तिब्बती शरणार्थियों ने रैली निकालकर तिब्बती महिला विद्रोह दिवस की 66 वीं वर्षगांठ मनाई और तिब्बत में शहीद हुए लोगों को याद किया। एसोसिएशन ने तिब्बत की आजादी को लेकर पोस्टर भी लहराए। राष्ट्रीय तिब्बती महिला विद्रोह दिवस की वर्षगांठ पर रैली की शुरुआत परेड ग्राउंड से हुई। जो लैंसडाउन चौक, कनक चौक, तिब्बती बाजार होते हुए वापस परेड ग्राउंड पहुंची। जहां पर चीन के खिलाफ स्लोगन लिखे तिब्बती बड़ी संख्या में मौजूद थे। तिब्बती समाज की महिलाओं ने बताया कि 11 मार्च 1959 को तिब्बत की राजधानी ल्हासा में पोटाला पैलेस के सामने एकत्र तिब्बती महिला संगठन की महिलाओं पर कम्यूनिस्ट चीन सरकार ने दमनकारी रवैया अपनाया। तिब्बती महिला संगठन को निर्वासित कलिम्पोंग, दार्जीलिंग और गंगटोक में तिब्बत की तीनों प्रांतों की सक्षम महिलाओं ने दुबार स्थापित कर संगठन के आंदोलन को जीवित किया है।

# पुलिस ने घनसाली व चमियाला बाजार से हटाया अतिक्रमण



नई टिहरी : आगामी होली के त्योहार को देखते हुए पुलिस ने घनसाली व चमियाला बाजार में सड़क से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। एसएसपी आयुष अग्रवाल के निर्देश पर आगामी होली पर्व को शांतिपूर्वक मनाया जाने तथा चारधाम यात्रा में यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से चलाने के लिए दिशा निर्देशों के तहत थाना घनसाली पुलिस द्वारा घनसाली तथा चमियाला बाजार में दुकानों के बाहर सामान रखे जाने व मोटर साइकिल व अन्य वाहनों को बेतरतीब खड़े करने को लेकर कड़ी हिदायत दी। पुलिस ने दुकानों के बाहर रखा सामान दुकानदारों से अंदर रखवा कर सड़कों पर किया गया अतिक्रमण हटवाया। थानाध्यक्ष घनसाली संजीव थपलियाल ने सभी दुकानदारों को सड़क पर सामान फैलाने की अपील की और बेतरतीब वाहन खड़े करने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी। (एजेंसी)

# पॉक्सो एक्ट का आरोपी लखनऊ से गिरफ्तार, नाबालिग बरामद

अल्मोड़ा। शिवरात्रि के अवसर पर सोमेश्वर में मेला देखने गई एक नाबालिग बालिका के लापता होने की घटना सामने आई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवती को सकुशल बरामद कर लिया है और उसे बहला–फुसलाकर भगाने वाले युवक को पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती 28 फरवरी को सोमेश्वर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग भतीजी के 26 फरवरी को शिवरात्रि मेला देखने के लिए सोमेश्वर जाने और घर वापस न लौटने की सूचना दी। इस शिकायत के आधार पर थाना सोमेश्वर में एफआईआर दर्ज की गई। मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 140(3) बीएनएस और पोक्सो अधिनियम की धाराओं 16/17 के तहत पंजीकृत किया गया। एसएसपी अल्मोड़ा, देवेन्द्र पींचा ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संज्ञान लिया और नाबालिग बालिका को शीघ्र बरामद करने व आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक हरबन्स सिंह और सीओ अल्मोड़ा गोपाल दत्त जोशी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सोमेश्वर कश्मीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खोजबीन शुरू की। पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश के कई शहरों में दबिश दी और अथक प्रयासों के बाद 11 मार्च को लखनऊ से नाबालिग बालिका को युवक के कब्जे से छुड़ाया।

### फिटनेस फीस बढ़ाने पर स्कूल वैन संचालक खफा

देहरादून। महानगर स्कूल वैन एसोसिएशन ने स्कूल वाहनों की फिटनेस फीस बढ़ाने और फिटनेस डोईवाला में करवाने का विरोध किया है। वैन संचालकों ने आरटीओ से मिलकर जल्द यह आदेश वापस लेने की मांग की है। अध्यक्ष उमा नरेश तिवारी ने बताया कि स्कूल वैन की फिटनेस फीस 600 रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपये की गई है, जिससे वैन संचालकों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। इसके साथ ही फिटनेस ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर डोईवाला में करवाई जा रही है, जिससे वैन संचालकों को भारी परेशानियां हो रही है। उन्होंने आरटीओ से मांग की है कि फिटनेस फीस बढ़ोत्तरी का आदेश वापस लिया जाए। इसके साथ ही स्कूल वैन की फिटनेस पूर्व की भांति आशारोड़ी में करवाई जाए। इस मौके पर महामंत्री मनोज कुमार, विमल कुमार, हर्ष कुमार, श्याम सुंदर गुप्ता, सुनील चौहान, अशीष शर्मा, करन, गौरव कुमार, रजनीश, शिव सिंह चौहान, संजय पाल, सुरेश कुमार, दीपक कुमार, संजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

# नैलचामी रेंज में कृषकों ने सीखें जैम-जैली, अचार, चटनी बनाने के गुर



नई टिहरी : टिहरी डैम वन प्रभाग प्रथम नई टिहरी के नैलचामी डैम रेंज स्थित वन पंचायत में कृषकों को विभिन्न प्रशिक्षण दिए गए। बुधवार को टिहरी डैम वन प्रभाग प्रथम नैलचामी डैम रेंज के अंतर्गत तमाम गांवों में वन क्षेत्राधिकारी भगवती प्रसाद सेमवाल के नेतृत्व में वन पंचायत कृषकों को आजीविका संवर्धन के लिए कृषि वानिकी एवं पौधशाला प्रशिक्षण, मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण, वर्मीकम्पोस्टर(केंचुआ खाद) प्रशिक्षण एवं जैम-जैली, चटनी, अचार निर्माण प्रशिक्षण देने के साथ ही वनाग्नि सुरक्षा के लिए पिरुल उपयोग के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। जिसमें कृषि वन रिसर्च सेंटर फॉर एग्री प्रयोन्सिप डेवलेपमेंट एंड आईपीएस सेंटर देहरादून के एक्सपर्ट प्रमोद कुमार चौरसिया व सोनू राणा ने कृषकों को अहम जानकारी उपलब्ध कराई। वन क्षेत्राधिकारी भगवती प्रसाद सेमवाल ने वनों की सुरक्षा के लिए सामाजिक सहयोग की अपील की। इस दौरान जियपाल सिंह राणा, आशीष अंथवाल, जीत सिंह कण्डारी, राजेन्द्र प्रसाद सेमवाल, उम्मेद सिंह राणा आदि वन आरक्षियों ने भी वनाग्नि सुरक्षा को समस्त सरपंचों, सदस्यों, महिला मंगल दल के अध्यक्षों से अपील की। (एजेंसी)

# होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द, प्रेम और एकता का प्रतीकः राज्यपाल



देहरादून। राजभवन में बुधवार को हर्षोल्लास के साथ होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रतिभाग किया और राजभवन परिवार के सभी सदस्यों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी को होली की बधाई देते हुए मिठाइयां भी वितरित की।

राज्यपाल ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द, प्रेम और एकता का प्रतीक भी है। यह पर्व हमें सभी भेदभाव मिटाकर आपसी भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करने का संदेश देता है। होली के पावन पर्व पर राज्यपाल ने प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए सुरक्षित पर्यावरण अनुकूल और सौहार्दपूर्ण होली मनाने का आग्रह किया। इस अवसर प्रथम महिला गुरमीत कौर, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह, डॉ. ए के सिंह, कम्पट्रोलर प्रमोद चमोली, प्रोटोकॉल अधिकारी संतोष सकलानी सहित राजभवन के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### चारधाम यात्रा के नोडल अधिकारी आरटीओ देहरादून ने ली परिवहन यूनियनों के पदाधिकारियों की बैठक

देहरादून। चारधाम यात्रा की तैयारियां तेज हो गई है। बुधवार को यात्रा के नोडल अधिकारी आरटीओ देहरादून सुनील शर्मा ने परिवहन यूनियनों के पदाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने यात्रा के सफल संचालन में सहयोग की अपील की है। कहा कि यात्रा में यात्रियों से तय किराया लिया जाए। ज्यादा किराया लेने पर वाहन के परमिट के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आरटीओ कार्यालय सभागार में हुई बैठक में यूनियनों के पदाधिकारियों ने अपनी समस्याएं भी रखीं। उन्होंने ट्रेवल ऐजेंटों का सत्यान करने, अनाधिकृत वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने और बाहरी राज्यों के वाहनों का ग्रीन कार्ड 15 दिन के लिए जारी करने की मांग की है। यह भी कहा कि यात्रा पर जाने वाले प्राइवेट वाहन गलत तरीके से पार्क किए जाते हैं, जिससे जाम की समस्या होती है, ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। नोडल अधिकारी सुनील शर्मा ने परमिट शर्तों का पालन करने, ओवरस्पीड और ओवरलोडिंग नहीं करने की हिदायत दी है।

# सीडीओ अभिनव शाह ने ली पीएम विश्वकर्मा की समीक्षा बैठक

देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में पीएम विश्वकर्मा पोर्टल की तकनीकी जानकारी और पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत संचालित 18 ट्रेड में से जिस ट्रेड में कम लोगों का रजिस्ट्रेशन हो रहा है, उस पर विशेष फोकस करते हुए अधिक से अधिक लोगों का पंजीकरण करवाया जाए। उन्होंने कहा कि योजना का मकसद कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करना है। मुख्य विकास अधिकारी ने जीएम डीआईसी को ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना का प्रशिक्षण देने और सभी पात्र लोगों को टूल किट भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक अनिल कुमार बलूनी ने बताया कि इस वर्ष 2500 का लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक 2329 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें से 1309 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके है। राज्य कार्यक्रम प्रबंधन यूनिट (एसपीएमयू) की टीम ने बैठक में सभी स्टेकहोल्डर को पीएम विश्वकर्मा योजना के सफल संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बताया कि इस योजना के तहत अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों को शुरू से अंत तक सहायता और कारीगरों को अपने पारंपरिक कौशल को बढ़ाने, नई तकनीकी हासिल करने तथा बेहतर उत्पाद तैयार करने में मदद दी जाती है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com